संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 25 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 354 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## प्रह्लाद जोशी ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रमुख पहल की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2024 के अवसर पर कई उपभोक्ता-हितैषी पहलों का शुभारंभ किया। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम हेल्पलाइन और भ्रामक विपणन प्रथाओं का पता लगाने के लिए उपकरण शामिल हैं। इसके साथ ही प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों ने इस मौके पर ऑनलाइन शॉपिंग सुरक्षा बढ़ाने का संकल्प लिया।

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड, सभी सेवाओं के लिए ई-मैप पोर्टल, कानूनी माप विज्ञान सेवाएं, एआई-सक्षम एनसीएच 2.0 और स्मार्ट मानक लॉन्च किए गए।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखना और उन्हें मजबूत करना हमारे देश के विकास और प्रगति के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम उपभोक्ताओं को सशक्त बना रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्याय देशभर में हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कहा, "उपभोक्ता विवादों के समाधान में तेजी लाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।" केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से नवंबर के बीच राष्ट्रीय आयोग में दर्ज 3,628 मामलों में से 6,587 मामलों का निपटारा जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर देश की त्रिस्तरीय उपभोक्ता अदालत प्रणाली के जरिए किया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) छद्म विज्ञापन को विनियमित करने के लिए नए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार कर रहा है और मौजूदा नियमों का पालन न करने पर 13 कंपनियों को नोटिस जारी किया है। इस अवसर पर रिलायंस रिटेल, टाटा संस और जोमैटो सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने सुरक्षा प्रतिज्ञा को अपनाया।

दरअसल सरकार ने एआई-सक्षम राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, ई-मैप पोर्टल और जागो ग्राहक जागो मोबाइल एप्लिकेशन जैसे नए उपभोक्ता संरक्षण उपायों को शुरू किया है। इस वर्ष का विषय, "आभासी सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच", एक तेज, अधिक समावेशी और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता था।

## चुनाव नियमों में संशोधन: सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शीर्ष अदालत में रिट याचिका दाखिल की

**कोर्ट में मामला**

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दाखिल की याचिका, 20 दिसंबर को केंद्र ने चुनाव नियमों में किया संशोधन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव संचालन नियम में संशोधन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। मंगलवार को कांग्रेस ने केंद्र सरकार के संशोधन के खिलाफ शीर्ष अदालत में रिट याचिका दाखिल की। कांग्रेस ने उम्मीद जताई कि शीर्ष अदालत चुनावी प्रक्रिया की तेजी से खत्म हो रही अखंडता को बहाल करने में सहायता प्रदान करेगी।

कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। संशोधन के बाद अब आम जनता इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का निरीक्षण नहीं कर पाएगी। नए नियम के मुताबिक सरकार ने सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध लगाया है। इसका उद्देश्य इन रिकॉर्ड के संभावित दुरुपयोग को रोकना है।

**जयराम रमेश ने दाखिल की याचिका**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने नए संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, "चुनाव नियम-1961 में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट दायर की गई है। जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व है। मगर एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के कानून में इस तरह बेशर्मी से संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**नियम 93 में किया गया संशोधन**

**संशोधन** आवश्यक जानकारी तक जनता की पहुंच को समाप्त करता है, जो चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाता है।

भारत निर्वाचन आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शुक्रवार को चुनाव नियम- 1961 के नियम 93(2) (ए) में संशोधन किया है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी गई है। हालांकि प्रत्याशियों के लिए यह दस्तावेज निरीक्षण के उपलब्ध होंगे। जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व है। मगर एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के कानून में इस तरह बेशर्मी से संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## दिल्ली के राजेंद्र नगर में 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू

**सीएम का ऐलान**

**राजेंद्र नगर विधानसभा में जाकर मैंने खुद टोंटी से पानी पिया, पानी एकदम साफ-सुथरा है: केजरीवाल**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री आतिशीव आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को राजेंद्र नगर पहुंचे। यहां उन्होंने एक घर में नल का पानी पिया। उसके बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब हर घर में नल से पीने का साफ पानी 24 घंटे मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि दिल्ली के हर घर में 24 घंटे साफ पानी पहुंचाएंगे। आज यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इसकी शुरूआत हो चुकी है। राजेंद्र नगर विधानसभा में जाकर मैंने खुद टोंटी से पानी पिया, पानी एकदम साफ-सुथरा है। अब पूरी दिल्ली को नल से 24 घंटे साफ पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली को 24 घंटे पानी देने के लिए 1250 एमजीडी पानी चाहिए। हम अगले कुछ सालों में यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। हम सब लोगों का सपना था कि दिल्ली में नल से 24 घंटे साफ पानी आना चाहिए। चाहे तीसरी मंजिल हो या चौथी मंजिल, बिना पंप के पानी पहुंचे। दिल्ली के अंदर आज इस बहुत बड़े सपने की शुरूआत हो रही है।

केजरीवाल ने कहा कि 2015 में जब हमने दिल्ली की जिम्मेदारी संभाली थी, उस वक्त लगभग 50 से 60 प्रतिशत दिल्ली में टैंकरों से पानी जाया करता था।









# सुशासन से जनमानस का जीवन हुआ सरल, योजनाओं तक पहुंच हुई सुगम : सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 1998 में जिस प्रकार से सुशासन की परिकल्पना की शुरूआत की थी, ठीक उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में मिशन मोड पर कार्य करते हुए सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने भी इस दौरान जनमानस के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने यह बात मंगलवार को गुरुग्राम में एसजीटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रभावशाली क्रियान्वयन के माध्यम से सुशासन (गुड गवर्नेंस थ्रू इफेक्टिव इम्प्लीमेंटेशन) विषय पर आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस सम्मेलन का आयोजन रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी एवं एसजीटी विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से किया था। इस सम्मेलन में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. मानिक साहा, पूर्व सांसद एवं रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे तथा छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित अन्य विशिष्ट जनों ने भी अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती 25 दिसंबर को देश भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आरंभ की है। उन्होंने प्रदेश वासियों को इन विभूतियों की जयंती और क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के माध्यम से ग्रामीण भारत में ढांचागत तंत्र को विकसित किया। उसी तर्ज पर काम करते हुए नरेंद्र मोदी ने सुशासन की दिशा में आगे बढ़ते हुए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की, जिससे जनमानस का जीवन सरल व सुगम हुआ। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में बीते दस वर्षों के दौरान पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर काम करते हुए मेरिट पर भर्ती, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी व घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया।




जिसके चलते आज गरीब का बेटा पढ़-लिख कर एचसीएस अधिकारी बन रहा है। बीते दस वर्षों में हरियाणा सरकार ने एक लाख 71 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की। इसी तर्ज पर कर्मचारियों को भी ऑनलाइन नीति से मनचाहे स्टेशन पर पोस्टिंग दी गई।

उन्होंने बताया कि आज अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से अपने घर के समीप ही नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने पंचकूला में हाल में खोले गए एचईपीसी कार्यालय का उदाहरण देते हुए बताया कि उद्योगों से संबंधित एनओसी अब ही एक स्थान पर मिलना सुनिश्चित हो रही है। इसी तरह घर बैठे बुजुर्गों को पेंशन योजनाओं का स्वतः ही लाभ मिल रहा है।

# बाबा साहेब के नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही कांग्रेसः मुख्यमंत्री सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गुरुग्राम में कांग्रेस पार्टी पर जमकर गरजे। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा बाबा साहेब अंबडेकर के विरोध में रही है और आज अचानक कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया, मजाक उड़ाया और उन्हें लज्जित किया। सीएम सैनी ने कहा कि पंडित नेहरू द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के लिए कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं को पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।



गुरुग्राम में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी कोई व्यक्ति मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है, लेकिन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के इस्तीफे के बाद सदन में कांग्रेस ने बोलने तक नहीं दिया था। बाबा साहेब अंबेडकर ने अपने त्याग पत्र में पंडित नेहरू के खिलाफ बहुत कुछ लिखा है। बाबा साहेब ने लिखा था कि वित्त और उद्योग क्षेत्र में पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी पंडित नेहरू ने मुझे उससे जुड़ा एक भी विभाग नहीं दिया और एक भी संसदीय कमेटी का हिस्सा नहीं बनाया गया। बाबा साहेब ने लिखा था मुझे कानून मंत्रालय दिया तो गया, मगर ईमानदारी से काम नहीं करने दिया गया। पंडित नेहरू ने हिंदू कोड बिल के कार्य को पूरा नहीं करने दिया गया।

सीएम सैनी ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने त्याग पत्र में लिखा था कि कांग्रेस ने केवल मुसलमानों की चिंता की, लेकिन एससी और एसटी को उचित संरक्षण प्रदान नहीं किया। पंडित नेहरू व कांग्रेस का सारा ध्यान मुस्लिम समुदाय के प्रति समर्पित रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के त्यागपत्र को जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया?

## न्यूज फ्लैश

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को मिला महाकुंभ 2025 का निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय से मंगलवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले आस्था व सनातन के महापर्व- महाकुंभ 2025 का निमंत्रण राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को सौंपा। राज्यपाल ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए महाकुंभ मेले में सम्मिलित होने की सहमति जताई। उत्तर प्रदेश के मंत्रियों ने राज्यपाल को प्रयागराज के संगम का गंगाजल भी भेंट किया। राज्यपाल ने भी उन्हें राजभवन में पधारने पर शाल व भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया।

### नप पटौदी-जाटौली मंडी व नपा फर्रुखनगर चुनाव के लिए हुई वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** जिला निकाय आयुक्त अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर परिषद पटौदी-जाटौली मंडी व नगर पालिका फर्रुखनगर के वार्ड आरक्षण के लिए ड्रा का आयोजन किया गया। नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में हुए ड्रा के दौरान नगर पालिका फर्रुखनगर के कुल 16 वार्डों में वार्ड नंबर-2, 3, 6, 14, 15 व 16 को अनारक्षित रखा गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर-10 व 12 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। बीसी-बी महिलाओं के लिए वार्ड नंबर-1 आरक्षित है जबकि वार्ड नंबर-8 बीसी-ए महिला आरक्षित वार्ड होगा। वार्ड-4, वार्ड-13 अनुसूचित जाति-महिला वार्ड तथा वार्ड नंबर-5, 7 व 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए हैं। वार्ड नंबर-11 बीसी-बी श्रेणी के लिए आरक्षित किया गया है। नगर परिषद पटौदी-जाटौली मंडी में कुल 22 वार्ड हैं। इनमें वार्ड नंबर-2, 13 व 21 अनुसूचित जाति पुरुष के लिए आरक्षित किए गए हैं जबकि वार्ड नंबर-3 व 19 को अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। बीसी-ए श्रेणी पुरुषों के लिए वार्ड नंबर-5 आरक्षित है तथा वार्ड नंबर-10 को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। बीसी-बी पुरुष श्रेणी के लिए वार्ड नंबर-22, बीसी-बी महिला श्रेणी के लिए वार्ड नंबर-20 आरक्षित है। इसके अलावा वार्ड नंबर-1, 6, 8, 11, 14, 15, 16, 17, 18 को जनरल पुरुष वार्ड तथा वार्ड नंबर-4, 7, 9 व 12 को महिला जनरल वार्ड बनाया गया है।

### विवाह समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**जींद।** जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में विवाह और अन्य समारोह के दौरान रात दस बजे के बाद बजाए जाने वाले डीजे तथा हथियारों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जश्न मनाने के लिए अधिकृत हथियार लाइसेंस धारी आमतौर पर लाइसेंसी हथियारों के माध्यम से उत्सव के दौरान हवाई फायरिंग में लिप्त रहते हैं। जिससे जान-माल का खतरा रहता है। जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को बताया कि हाल ही में राज्य के कई जिलों में इस तरह की घटनाओं से मृत्यु, घायल होने तथा सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आई हैं।

# शिरोमणि अकाली दल आजाद पार्टी ने गुरुद्वारा कमेटी चुनाव के लिए ठोकी ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्रामः प्रदेश में होने** वाले हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव की तैयारी को लेकर सेक्टर-46 स्थित गुरुद्वारे में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन एवं शिरोमणि अकाली दल आजाद के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल द्वारा बनाई गई पार्टी शिरोमणि अकाली दल आजाद के महासचिव गुरप्रसाद सिंह मौजूद रहे। उन्होंने चुनाव में ताल ठोंकते हुए गुरुग्राम से शिरोमणि अकाली दल आजाद की सीट से गगनदीप कौर सिद्धू को चुनावी मैदान में उतारा है। गुरप्रसाद सिंह ने कहा कि सिख समुदाय



के विकास के लिए यह चुनाव काफी अहम है। हरियाणा में काफी जद्दोजहद के बाद यह चुनाव होने जा रहे हैं जिसे प्रशासन अपनी देखरेख में करा रहा है। उन्होंने सिख समुदाय के लोगों से अपील की है कि वह हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के 19 जनवरी 2025 को होने वाले चुनाव में अपनी अहम भागीदारी निभाएं और ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करें। शिरोमणि अकाली दल आजाद के महासचिव गुरप्रसाद सिंह ने जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल और हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के निवर्तमान प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध एवं समस्त हरियाणा कमेटी का धन्यवाद किया।

शिरोमणि अकाली दल आजाद की सीट से चुनाव मैदान में उतरी प्रत्याशी गगनदीप कौर ने कहा कि सिख समुदाय ने शुरू से ही देश की सेवा की है। उनका परिवार भी सेवादार रहा है। धर्म प्रचार के लिए वह भी अपना जीवन समर्पित कर चुकी हैं। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के साथ ही पर्यावरण संतुलन के लिए भी लगातार कार्य कर रही हैं।बैठक में आए अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा के सिखों की आवाज उठाने के लिए हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का गठन 2014 में किया गया था। पहले समुदाय के मसलों को हल करवाने के लिए शिरोमणि कमेटी अमृतसर जाना पड़ता था, लेकिन वहां भी सुनवाई नहीं होती थी जिसके बाद हरियाणा में 26 जुलाई 2014 को हरियाणा में हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। अब इस कमेटी के चुनाव प्रशासनिक निगरानी में हो रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से उपरोक्त के अलावा हरजिंद्र सिंह, मलूक सिंह, जागीर सिंह, शेरदिल सिद्धू, सरबजीत सिंह, गुरदीप सिंह, हरजिंद्र सिंह, अमरीक सिंह, जनेश्वर सिंह, प्रगट सिंह, गुरबक्श सिंह, मनप्रीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### राजमार्गों के निकट 10 औद्योगिक शहर बसाने से खुलेंगे रोजगार के द्वारः सैनी

**गुरुग्राम।** हरियाणा में 10 औद्योगिक शहर बसाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ चर्चा की। वे मंगलवार को गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के तहत मेट्रो विस्तारीकरण के लिए बैठक लेने पहुंचे थे। बैठक में बताया गया कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के साथ पंचग्राम योजना विचाराधीन है। इस संबंध में विभिन्न कई निर्णय लिए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में औद्योगिक, आवासीय, इंफ्रास्ट्रक्चर और वाणिज्यिक इत्यादि सभी प्रकार की गतिविधियां उपलब्ध होनी चाहिए।

# गोहाना से होगी सहकारिता जागरुकता अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ः हरियाणा सरकार ने प्रदेश में गांव, महिला, किसान व युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है जिसमें सहकारी संस्थाएं एक ही मंच पर बड़ी आबादी को आत्मनिर्भरता की राह दिखाएंगी। इस अभियान की शुरूआत गोहाना से होने जा रही है। हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में



बताया कि सहकारिता विभाग व उनकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान शुरू करने का खाका तैयार कर लिया गया है। इसकी शुरूआत गोहाना से की जा रही है। हरियाणा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया है कि सहकारी संस्थाओं द्वारा पहला जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान सोनीपत के गोहाना में 26 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 10 स्टालों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं की योजनाओं व उनमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, किसान, महिलाओं, विशेषकर युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस मंच पर अलग-अलग योजनाओं के सफल स्वयं सहायता समूह, पैक्स आदि के प्रतिनिधि अपने-अपने प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी देंगे। इस अभियान में हैफेड, डेयरी फेडरेशन, हरको बैंक, लेबर फेडरेशन, हरियाणा राज्य सहकारिता कृषि ग्रामीण विकास बैंक के साथ-साथ पंचायती राज्य संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधि व युवाओं को इसमें भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# हिसार एसडीएम का अनोखा फरमान जींस पहनकर नहीं आ पाएंगे दफ्तर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में यह दूसरा मौका है कि कर्मचारियों के दफ्तर में जींस पहनकर आने पर रोक लगाई गई है। हिसार की एसडीएम ज्योति मित्तल ने मंगलवार को पदभार संभाला और इसके तुरंत बाद अधिकारीयों के पहनावे को लेकर आदेश जारी कर दिया.। एसडीएम के आदेशों से कर्मचारियों में काना फूसी शुरू हो गई। एसडीएम ने जींस पहनकर ऑफिस में आने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही जिनकी वर्दी है, उन्हें वर्दी में आने की हिदायत दी गई है।इससे पहले अगस्त 2023 में पंचकूला के उपायुक्त ने सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में जींस पहनकर जाने पर रोक लगाई थी। एसडीएम ज्योति मित्तल ने मंगलवार को ही पदभार संभाला । इसके बाद उन्होंने जींस पहनकर आए कई कर्मचारियों को टोका। इसके बाद वो अपने कार्यालय में गई और ये आदेश जारी किया।.अपने आदेशों में एसडीएम ने कहा कि एसडीएम कार्यालय हिसार में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेशित किया

**अनोखा फरमान**

⏩ हरियाणा में यह दूसरा मौका है कि कर्मचारियों के दफ्तर में जींस पहनकर आने पर रोक लगाई गई है

जाता है कि ड्यूटी के दौरान औपचारिक परिधान (फॉर्मल ड्रेस) पहनना सुनिश्चित करें। जींस इत्यादि कार्यालय में ड्यूटी के दौरान न पहनें व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी निर्धारित वर्दी पहन कर आएंगे। आदेशों की पालना सख्ती से की जाए.

पदभार ग्रहण करने के बाद ज्योति मित्तल ने उपमंडल के विकास व प्रशासनिक कार्यों को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया और सभी विभागों के समन्वय से विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया। एसडीएम ज्योति मित्तल इसराना एसडीएम के पद से से स्थानान्तरित होकर हिसार पहुंची हैं।

# 50 पार के ढीले कर्मचारी और अधिकारियों पर गिरेगी गाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार अब कामकाज में ढीले कर्मचारियों को रिटायर करने की तैयारी में है। सरकार 50 साल से अधिक उम्र के ढीले-ढाले कामकाज वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर नजर रखेगी और उन्हें जबरन रिटायर कर दिया जाएगा। अनिवार्य सेवानिवृत्ति के मामलों में समीक्षा के लिए सभी विभागों में अब कमेटियां बनाई जाएंगी। बोर्ड और निगमों में भी ऐसे मामलों के लिए समीक्षा कमेटी बनाई जाएगी। एक अपीलेट कमेटी का गठन किया जाएगा, जहां जबरन सेवानिवृत्त किए जाने वाले कर्मचारी अपनी बात रख सकेंगे।

मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने हाल ही में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिया कि 50 वर्ष से ऊपर के कर्मचारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के मामलों में पहले इनकी समीक्षा के लिए कमेटियां बनाई जानी चाहिए। अवमानना के मामलों का निपटारा भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रदेश में एक वादकरण नीति बनाई जा रही है, जो जल्द ही तैयार हो जाएगी। इस नीति के बनने से कर्मचारियों से जुड़े मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी। संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले 50 वर्ष से ऊपर के कर्मचारियों को जबरन सेवानिवृत्ति के लिए मनोहर लाल सरकार ने वर्ष 2019 में पॉलिसी इसके अनुसार पिछले दस साल के सेवाकाल में एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) में कम से कम सात बार अच्छा या बहुत अच्छा की टिप्पणी होने पर ही कार्य को संतोषजनक माना जाएगा। इससे कम स्कोर वाले 25 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारी व अफसर को रिटायरमेंट दी जाएगी।

**परीक्षा-पे-चर्चा**

### विद्यार्थी करेंगे प्रधानमंत्री से सीधा संवाद

**चंडीगढ़।** वार्षिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा-पे-चर्चा करेंगे। परीक्षा-पे-चर्चा को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता करवाई जा रही है।
















# चुनाव के लिए केजरीवाल झूठ की राजनीति कर रहे: सचदेवा

## महिला ने स्पष्ट किया की वह त्रिनगर विधानसभा में पंजीकृत वोटर थी और है और हर बार वोट डालती है: दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा

**आरोप**

▶▶ सम्बंधित महिला ने कहा कि उन्होने केजरीवाल से अपने वोट कटने जैसी कोई बात नहीं की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झूठ पर आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कल किदवाई नगर में अपने एक कार्यक्रम के दौरान एक महिला का परिचय कराते हुए कहा था कि इनके पास एपिक कार्ड होने के बावजूद इनका वोट काट दिया गया है पर आज उस सम्बंधित महिला चंद्रा ने मीडिया को इंटरव्यू दिया और स्पष्ट किया की वह त्रिनगर विधानसभा में पंजीकृत वोटर थी और है और हर बार वोट डालती है। सचदेवा ने कहा कि सम्बंधित महिला ने मीडिया से कहा कि उन्होने अरविंद केजरीवाल से अपने वोट कटने जैसी कोई बात नहीं की और उन्होने शायद किसी गलतफहमी में या जानबूझकर यह बयान दिया होगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम लगातार कहते रहे हैं कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झूठ एवं भ्रम की राजनीति करते हैं और उनके बयानों में विश्वसनीयता का अभाव होता है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज चंद्रा के बयान के बाद जिस तरह अरविंद केजरीवाल का झूठ पकड़ा गया, उससे दिल्ली वालों को लगता है कि केजरीवाल ने उन्हें मोहरा बनाकर दिल्ली में बड़ी संख्या में वोट काटे जाने का भ्रम फैलाने की कोशिश की। सचदेवा ने कहा कि चंद्रा का वोट कटने की झूठी कहानी के बाद अब हम कह सकते हैं कि केजरीवाल की खुद पर हमले की कहानियां भी इसी तरह स्वरचित घटनाएं रही होंगी।

## दिल्ली सरकार ने कैग की 14 रिपोर्ट स्पीकर को भेजीं: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: दिल्ली भाजपा विधायक दल द्वारा कैग की रिपोर्ट्स के मामले में हाई कोर्ट में प्रस्तुत याचिका की सुनवाई के बाद दिल्ली सरकार ने कैग की रिपोर्ट्स को आज कोर्ट के आदेश के डर से विधानसभा अध्यक्ष के पास भेज दिया है। विधानसभा में नेता विपक्ष एवं भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय अनियमितताओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रदूषण जैसे जो मुद्दे थे, उन सबका हिसाब किताब कैग की इन रिपोर्ट्स में दिया गया है। सरकार इन सभी में अपने भ्रष्टाचार को दबाने की नीयत से जानबूझकर इन्हें दबाकर बैठी हुई थी। पहले भी कोर्ट के डर से सरकार ने ये रिपोर्ट्स उपराज्यपाल

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 खत्म, नई पाबंदियां लागू

**प्रतिबंध**

▶▶ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 4 को रद्द करने का निर्णय लिया है। अब केवल ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू रहेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण पर रोक के लिए लगाई गई ग्रैप नियमों में ढील दी गई है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 4 को रद्द करने का निर्णय लिया है। अब केवल ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू रहेंगे।

**ग्रैप-4 में थीं ये पाबंदियां**

- दिल्ली के बाहर से आने वाले सभी ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी। हालांकि, जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई थी।
- दिल्ली में पंजीकृत मध्यम व भारी डीजल संचालित माल वाहनों पर प्रतिबंध। जरूरी सामान वाले वाहनों को थी छूट।
- एनसीटी दिल्ली व एनसीआर में डीजल चलित चार पहिया वाहनों पर थी रोक। हालांकि, आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई थी। इस श्रेणी में केवल बीएस-6 वाहन चल सकते थे।
- एनसीआर में उद्योगों पर पाबंदी थी। जहां पीएनजी ईंधन की सुविधा नहीं थी और सरकार द्वारा अधिकृत सूची से बाहर के ईंधन के उपयोग पर थी रोक। हालांकि, दूध व डेयरी उत्पादों और मेडिकल उपकरणों से जुड़े उद्योगों को छूट दी गई थी। निर्माण व विध्वंस गतिविधियों पर रोक। इसके अलावा फ्लाईओवर, राजमार्ग, पुल व पाइपलाइन समेत अन्य गतिविधियों पर रोक।

## संदिग्ध हालात में बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: आर्मी कैम्प शंकर विहार में 8 साल की एक बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक बसंत बिहार थाने इलाके के शंकर बिहार मिलिट्री एरिया में कल शाम से एक बच्ची गायब थी। रात भर माता पिता उसे खोजते रहे और आज सुबह के समय खाली प्लाट के कमरे मे बच्ची जंगले से लटकी हुई मिली। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या के आरोप की जांच कर रही है। इलाके के कैमरे और आसपास के कैमरे को भी खंगाल रही है। पुलिस मृतक बच्ची के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# बांग्लादेशियों के अवैध प्रवासी रैकेट में संलिप्तता के लिए 11 गिरफ्तार

**शिकंजा**

▶▶ प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार किए गए 11 लोगों में से पांच लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: दक्षिण जिला पुलिस ने हत्या के एक मामले की जांच के दौरान बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से भारत में बसाने में शामिल एक बड़े गैंग का पर्दाफाश करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार किए गए 11 लोगों में से पांच लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं, जबकि 6 लोग फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाने वाले रैकेट से जुड़े हैं। दिल्ली पुलिस ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की पहचान करने के लिए खास ऑपरेशन शुरू किया है। अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी संगम विहार और उनके गुर्गे रोहिणी इलाके से पकड़े गए हैं। पुलिस के मुताबिक 20 दिसंबर को लगभग 12:05 बजे एक महिला ने संगम विहार पुलिस में रिपोर्ट करने के लिए संपर्क किया कि उसका पति सेंटू शेख उर्फ राजा आवास पर बेहोश पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में डॉक्टरों ने सेंटू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। हत्या की जांच के दौरान चार बांग्लादेशी नागरिकों-मिदुल मियां उर्फ आकाश अहमद, फरदीन अहमद उर्फ अभि अहमद और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि सेंटू उन्हें किसी न किसी बहाने से धमकाता रहता था।




# रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में तुलसी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**सनातन संस्कृति**

▶▶ तुलसी -पौधे की पूजा की गई और छात्रों ने तुलसी के महत्व और इसके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर द्वारा तुलसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में तुलसी -पौधे की पूजा की गई और छात्रों ने तुलसी के महत्व और इसके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने तुलसी के बारे में कहानी, गीत, एकांकी के साथ-साथ तुलसी के महत्व को समझाया। इसके अतिरिक्त छात्रों ने तुलसी के पौधे की देखभाल के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि तुलसी -दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों को तुलसी के महत्व और इसके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम बच्चों को सनातन धर्म की और ले जाने का कार्य पूर्ण करेंगे और सनातन संस्कृति का निर्माण करेंगे एवं हम अपने समाज को अधिक पुष्ट कर पाएंगे। रौनक पब्लिक स्कूल सदा इस दिशा में प्रयासरत है कि बच्चों को सनातन धर्म के अनुरूप शिक्षा मिले।

# राजलूगढ़ी आईटीआई में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रक्तदान महादान**

▶▶ रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** राजलूगढ़ी आईटीआई में नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। शिविर में 50 से अधिक प्रशिक्षुओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने रक्तदान को समाजसेवा का सबसे बड़ा माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि 18 से अधिक आयु के हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को समय पर मदद मिल सके।

# एसडीएम मनीष फौगाट ने संभाला गन्नौर उपमंडल का कार्यभार


**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (ना.) गन्नौर का कार्यभार संभाल लिया है। वे 2016 बैच के एचसीएस अधिकारी हैं। इसके पहले वे सफिदों में कार्यरत थे। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। एसडीएम फौगाट ने कहा कि वे हर वक्त जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे। जल्द ही उपमंडलीय अधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी। विकास कार्यों की गंभीरता से समीक्षा की जाएगी।

# क्रिसमस के उपलक्ष्य में रेणु विद्या मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः** बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर में आज क्रिसमस के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और समावेशी छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत रेणु दीदी ने एक सुंदर क्रिसमस कविता से की, जिसमें उन्होंने प्रेम, शांति और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रत्नेश सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर की देखरेख में किया गया। सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने क्रिसमस दिवस पर प्रकाश डालते हुए यीशु मसीह के जीवन और उनके संदेशों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और उपस्थितजनों के दिलों में क्रिसमस की सच्ची भावना जागृत की और सभी ने इसे एक यादगार अनुभव के रूप में सराहा।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। समारोह का संचालन चौथी कक्षा के रूद्र व रिधिका ने किया। समारोह की शुरूआत क्रिसमस कैरोल गायन से हुई, जिसमें कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज में क्रिसमस के गीत गाए। इसके बाद बाल वाटिका के विद्यार्थियों ने क्रिसमस थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने कहा क्रिसमस समारोह हमें एकता, प्रेम और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके हमें गौरवान्वित किया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** 20/2024/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांकः** 20.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन ( ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी18-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 30091500.00

**कार्य का विवरणः** इलैक्ट्रिक लोको शेड झाँसी के कन्वेंशनल टेप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे मेधा मेक माईक्रोप्रोसेसर बेस्ड कन्ट्रोल एण्ड फाल्ट डाईग्नोसिस सिस्टम (एम.पी.सी.एस.) की ए.एम.सी.।

**बयाना राशिः** ₹ 300500.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः** 16.01.2025

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 37 माह

निविदाकार निविदा **दिनांक** 16.01.2025 को 15.00 **बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **2165/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वाहिद** पुत्र **बुग्गन** निवासी झुग्गी नं. 67, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल कॉलोनी, दिल्ली, और C-1/125 राजीव नगर, मंडोली, हर्ष विहार, दिल्ली ने **Case/-FIR.No 134/2017, U/s 379/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः GTB **एन्क्लेव,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वाहिद** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वाहिद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR.No 134/2017, U/s 379/411/34 IPC.,** थानाः **GTB एन्क्लेव,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वाहिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**संघमित्रा, JMFC-01,**
कमरा नंबर 54 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
**DP/16177/SHD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष, पुत्रः मोहन लाल, पताः म. नं. 8, गली नं. 1, शिव विहार, 33 फीट रोड, करावल नगर, दिल्ली** ने **E-FIR No. 44552/2019, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 44552/2019, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अभियुक्त **मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देनें के लिए दिनांक **27.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री स्वाति शर्मा**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 59**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16274/SHD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल** पुत्र **पाले राम** निवासी **गली नं. 17–18, राम मंदिर के पास, विकास नगर, पानीपत, हरियाणा** ने case **FIR No. 309/2014 U/s 420/468/471/120B/34 IPC, थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अनिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 309/2014 U/s 420/468/471/120B/34 IPC, थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**कमरा नं. 117, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16853/NW/2024(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित पांडे** पुत्र **राघे श्याम पांडे** निवासी **ए–263, ककरोला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, ककरोला मोड़, नई दिल्ली, स्थायी पताः ग्राम अमारी, थाना सरपतहां, तहसील शाहगंज, जिला जौनपुर, उ.प्र.** ने case **FIR No. 107/2016 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना रणहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **रोहित पांडे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित पांडे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 107/2016 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना रणहौला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित पांडे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.01.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंकित करण सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08**
**पश्चिम जिला, कमरा नं. 30, भूतल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16821/OD/2024(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **ललित शर्मा पुत्रः** भीम सिंह, **पताः** बी ब्लॉक, विकास पुरी, नियर बरेली वाली मस्जिद बेहता हाजीपुर, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 325/2018, U/s 381/411 IPC** थानाः जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 325/2018, U/s 381/411 IPC** थानाः जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **ललित शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री संघमित्रा**
**महानगर दण्डाधिकारी**
**कमरा नं. 54, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16545/SHD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वेद प्रकाश, पुत्रः श्री द्वारका प्रसाद, पताः 416, गली माता वाली, तेलीवाड़ा, आजाद मार्केट, दिल्ली–110006 और फ्लैट नं. 1, ग्राउंड फ्लोर, टाइप–1, सिंधोरा, कलां सिटी, नई दिल्ली–110052** ने **CC No. 530619/16, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वेद प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वेद प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 530619/16, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अभियुक्त **वेद प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2025 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री श्रेया सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05**
**केंद्रीय, कमरा नं. 02**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16794/N/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज सिंह** पुत्र बादल सिंह निवासी डब्ल्यू. जैड.–229, गली नं. 1, ताहिरपुर गांव तंदूर चौक के पास, हरी नगर, पश्चिमी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 56/21 धारा 279/338 भा.द.स. के अन्तर्गत थाना जी.टी.बी. एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी हैं। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 56/21 धारा 279/338 भा.द.स. के अन्तर्गत थाना जी.टी.बी. एन्कलेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राज सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.02.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री संघमित्रा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01,**
**कमरा नं. 54, द्वितीय तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/16815/SHD/2024**

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 52–अम्बाला/2024–25 दिनांक 24/12/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/शिमला के तहत कालका–शिमला खंड पर पुल संख्या 800 के लिए आधार, एबटमेंट और सुरक्षा कार्य प्रदान करने के लिए शेष कार्य। | 2,30,37,557 | 2,65,200 | 03 महीने | 16.01.2025 |

**नोटः 1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3938/24**

## उत्तर रेलवे

**सार्वजनिक सूचना**

भरथल गांव में माल ढुलाई एवं कोचिंग टर्मिनल बिजवासन के निर्माण हेतु अर्जित की गई भूमि के भूस्वामियों/उसमें हितबद्ध व्यक्तियों के लिए अधिनिर्णय 02/2024/द.प. की घोषणा।

माल ढुलाई एवं कोचिंग टर्मिनल बिजवासन के संन्निर्माण/निर्माण के लिए भूमि अर्जन हेतु रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20ए के अंतर्गत जारी दिनांक 10.10 2023 की अधिसूचना और रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20ई के अंतर्गत जारी दिनांक 15.02.2024 की अधिसूचना, जिसे निम्नलिखित समाचारपत्रों में प्रकाशित किया गया था, की ओर सभी भूस्वामियों/हितबद्ध व्यक्तियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है :–

| क्रम सं. | अधिसूचना | समाचार पत्रों का नाम जिनमें प्रकाशित किया गया। | समाचार पत्र की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1 | धारा 20ए | इंडियन एक्सप्रेस (अंग्रेजी) और दैनिक जागरण ( हिंदी ) | 14.09.2023 |
| 2 | धारा 20ई | इंडियन एक्सप्रेस, टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी) और अमर उजाला और हिंदुस्तान (हिंदी) | 22.02.2024 |

यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त भूमि के लिए रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20एफ के अंतर्गत अधिनिर्णय सं. 02/2024/द.प. दिनांक 18.11.2024 की घोषणा की है। भूमि अधिग्रहण ऐजेंसी उत्तर रेलवे, रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार ने मुआवजे की अपेक्षित राशि अधोहस्ताक्षरी के पास जमा की है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20आई की अपेक्षाओं के अंतर्गत संबंधित भूस्वामियों/हितबद्ध व्यक्तियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

तदनुसार, सभी संबंधित भूस्वामियों/हितबद्ध व्यक्तियों को इस अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतदद्वारा सूचिंत/अधिसूचित किया जाता है कि वे किसी भी कार्य दिवस में 11 बजे से 4 बजे के बीच इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से मुआवजा राशि प्राप्त कर लें और विषयांतर्गत भूमि का कब्जा अधोहस्ताक्षरी को अभ्यर्पित अथवा सुपुर्द कर दें जिसके न किए जाने पर विषयांतर्गत भूमि का कब्जा इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन की अवधि की समाप्ति पर पुलिस सहायता से ले लिया जाएगा।

ह०/–
भूमि अर्जन हेतु सक्षम प्राधिकारी, पुराना टर्मिनल टैक्स भवन, कापसहेड़ा, नई दिल्ली
3934/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में स्पीकर ने की शिरकत

## समाज को एक नई दिशा देकर हर वर्ग को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया।

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मंगलवार को जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज के जन्मोत्सव पर विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने यहां अलग-अलग जगह आयोजित हवन यज्ञ में आहूती डाली और जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के आश्रम में शीश नवाया व सर्व समाज के लिए मंगलकामना की।



विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण गांव स्टौंडी, बसताड़ा, पूंडरी, अलीपुर खालसा, कैमला, कैमला बरसत रोड, कल्हेड़ी, डींगर माजरा, कुटेल, कुटेल ऊंचा समाना रोड पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इसके साथ-साथ गांव कैमला में मुख्यमंत्री खेत खलियान योजना के तहत कैमला गांव से पूंडरी गांव तक जाने वाले रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। इस कार्य पर 32 लाख रुपये की लागत आएगी।

उन्होंने कहा कि हमें जगतगुरु संत शिरोमणी ब्रह्मानंद जी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए जो संदेश दिया, उसी मार्ग पर हमें चलना चाहिए। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देकर हर वर्ग को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर हम सबको चलना चाहिए, ताकि अच्छे इंसान होने के साथ-साथ हम अपने परिवार और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में भूमिका अदा कर सके। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी ने अपना सारा जीवन सामाजिक बुराइयों को मिटाने व लोगों को ज्ञान देने में बिताया। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम गुरु ब्रह्मानंद जी के बताए उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं व गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलें। इंसान को अपनी नेक कमाई में से गरीबों की सहायता अवश्य करनी चाहिए। गुरु ब्रह्मानंद ने लोक भलाई के लिए अनेक कार्य किए और मानवता का सच्चा रास्ता दिखाया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज व राष्ट्र हित में निरंतर अपना योगदान देना चाहिए।

**जागरू किया**

**▶▶ हवन यज्ञ में आहूती डाली और जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के आश्रम में शीश नवाया**

इस अवसर पर विशाल सिंह, राजपाल, सुरेंद्र, नरेंद्र, विक्रम, प्रवीण, विजय कुमार, श्यामलाल, अमित कुमार, पवन, सुरेश, बलवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डीएफएससी कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के द्वारा डीएफएससी कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत करनाल शाखा के जिला अध्यक्ष परमानंद खुराना, उपाध्यक्ष एस के पुरी, कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य केपी अग्रवाल, मुख्य अतिथि कर्नल पी एस बिंद्रा ने अपने विचार रखे। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राजेंद्र और सतीश ने अपने विचार व्यक्त किये। एस के पुरी ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की गतिविधियों का विस्तृत वर्णन किया। केपी अग्रवाल ने मंच संचालन किया और गाबा ने देशभक्ति के गीत गाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रधान परमानंद खुराना ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थानीय स्तर की कार्यवाही का विस्तृत वर्णन दिया।

**रखें विचार**

**▶▶ आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राजेंद्र और सतीश ने अपने विचार व्यक्त किये**

एएफएसओ राजेंद्र कुमार ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का इतिहास एवं कार्य प्रणाली का विस्तृत वर्णन किया। सरकार द्वारा लागू किए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत ग्राहकों को मिलने वाले अधिकार एवं निवारण हेतु उपभोक्ता मामले निपटाने के लिए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता फोरम की जानकारी दी।

# जिला बार एसोसिएशन में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के कांफ्रेंस हॉल में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उनके साथ एडीजे डॉ. सविता कुमारी, सीजेएम सुधीर कुमार व अन्य ज्यूडिशियल ऑफिसर भी उपस्थित थे। इसके अलावा जिला बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट संजीव चौधरी, बार सदस्य मुकेश कौशल, पैनल अधिवक्ता व आयुष विभाग के डॉक्टरो की टीम के सौजन्य से इस शिविर का आयोजन किया गया।

# जनता के समर्थन व सहयोग से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: सुनीता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** संगठन महापर्व पर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षा सुनीता डांगी मौजूद रही। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा संगठन पर्व पर 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी प्रकार 26 दिसंबर को पार्टी ने वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 29 दिसंबर को मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सुनें।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षा सुनीता डांगी ने इस मौके पर सदस्यता अभियान विषय पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी सक्रिय सदस्य अवश्य बनें, क्योंकि कार्यकताओं को पार्टी में पद के दायित्व लेने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। भाजपा सदस्यता बल को लेकर विश्व की नम्बर एक की पार्टी है। जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है और आज भाजपा के 11 करोड़ से अधिक भाजपा के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है, जिसके फलस्वरूप तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। भाजपा की गरीबकल्याण, महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय, किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनता को यह विश्वास आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती। भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, नगर निगम की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर,ईलम सिंह जिला महामंत्री सुनील गोयल,मेहर सिंह कलामपुरा, अमरनाथ सौदा, अशोक भंडारी,जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, आईटी सेल प्रमुख विकास कथूरिया, मनमीत बाला, पंकज काम्बोज, मीना काम्बोज, चारों मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अमर टक्कर, बिशन सिंह शेखावत, साहिल मदान, कुलदीप शर्मा, ज्ञान चंद, मोहन लोधी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सुशासन**

**▶▶ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा**

# खरखौदा उपमंडल अधिकारी ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** में एचसीएस अधिकारी डा. निर्मल नागर ने मंगलवार को खरखौदा उपमंडल अधिकारी का पदभार संभाल लिया। अपना कार्यभार संभालते हुए एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जनता को देना का काम त्वरित तरीके से किया जाएगा। जनसुनवाई करने के साथ ही समस्याओं को भी प्राथमिकता में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पटवारियों को अपनी हाजिरी लगाने के आदेश दे दिए गए हैं, वहीं कर्मचारियों को नियमों का हवाला देते हुए जींस की बजाए फार्मल ड्रेस कोड का पालन करने की भी हिदायत दे दी है। अब सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काली पेंट व सफेद शर्ट या फिर खाकी वर्दी में दिखाई देंगे। एसडीएम डा. निर्मल नागर का कहना है कि वह खरखौदा को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।



# वीर बाल दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

गीता सीनियर सैकेण्डरी स्कूल जौरासी रोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वीर बाल दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की शहीदी के लिए मनाया जाता है। प्रार्थना सभा में स्कूल अध्यापिका सविता ने गुरु गोबिंद सिंह की जीवन कथा सुनाई और बताया कि किस प्रकार उनके बच्चों ने अपने धर्म और विश्वास को अडिग रखते हुए अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

# हसला चुनाव करवाने पर बनी सहमति

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

अब नई गाइडलाइंस के अनुसार चुनाव करवाने को लेकर वर्तमान राज्य प्रधान सतपाल सिंधु, पूर्व राज्य प्रधान दयानंद दलाल, पूर्व प्रधान एवं प्रदेश प्रवक्ता सतबीर सिंह मलिक और हसला वरिष्ठ पदाधिकारी नरेन्द्र मान ने मध्यस्थता करके चुनाव शांतिपूर्ण करवाने बारे पानीपत, सैक्टर 18 के सामुदायिक भवन में 24 दिसंबर मंगलवार को एक बैठक करके सहमति बनाई। यह भी उल्लेखनीय है कि आज पानीपत के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाल बत्ती में सुबह 9 से 3 बजे तक मतदान होगा और मौके पर ही मतगणना करके परिणाम घोषित किया जाएगा। नई गाइडलाइंस में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिम्मेदारी स्वतंत्र चुनावी समिति द्वारा करवाया जाने पर सहमति बनी। चुनाव उम्मीदवारों को चुनाव प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से भाग नही लेने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए सतबीर सिंह मलिक को चुनाव पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी लगाईं गई। यह भी उल्लेखनीय है कि पांचों ब्लॉक में ब्लॉक प्रधान सर्वसम्मति से बना लिए गए हैं।



**पर्यवेक्षक**

**▶▶ सतबीर सिंह मलिक को चुनाव पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी लगाई गई। ब्लॉक प्रधान सर्वसम्मति से बना लिए गए हैं**

# 238 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने असंध रोड पर मिलन गार्डन के पास एक नशा तस्कर को 238 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी नशा तस्कर की पहचान जरनैल सिंह निवासी मंडवाल कैथल के रूप में हुई। अफीम को आरोपी मध्य प्रदेश के नीमच से कम कीमत पर खरीदकर तस्करी कर लाया था। पुलिस ने नशा स्पलायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।



सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस की एक टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान असंध रोड़ पर दिल्ली पैरलल नहर के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की कैथल के मंडवाल गांव निवासी जरनैल सिंह मादक पदार्थ लेकर मतलौडा से शौंदापुर की और पैदल आएगा। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर शौंदापुर के नजदीक मिलन गार्डन के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को मतलौडा की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान जरनैल सिंह पुत्र शेरसिंह निवसी मंडवाल कैथल के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अमित की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई लोअर की जेब में पन्नी के अंदर से अफीम बरामद हुई। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया वह शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त अफीम मध्य प्रदेश के नीमच से कम कीमत पर खरीद कर लाया था।

# एसपी ने रिवासा गांव का दौरा किया

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** महेंद्रगढ़ जिले को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कवायदें शुरू की हुई हैं। विशेषकर युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए एसपी महोदया खुद लोगों से संवाद कर रही हैं। इस मुहिम के तहत आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक महोदया ने महेंद्रगढ़ के गांव रिवासा दौरा किया और ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उनके साथ डीएसपी दिनेश कुमार व थाना शहर महेंद्रगढ़ प्रबंधक निरीक्षक सेठी मलिक भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत में पुलिस अधीक्षक पानीपत के सौजन्य से और कॉलेज एनएसएस यूनिट्स की देख-रेख में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पानीपत लोकेन्द्र सिंह आईपीएस ने किया । प्रतियोगिता में डीएसपी सुरेश सैनी और एसएचओ राकेश कुमार का भी सहयोग रहा । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया । क्विज प्रतियोगिता में पानीपत, समालखा, मतलौडा, इसराना और बापौली ब्लाक के लेवल 1 से लेवल 4 की टीमों ने हिस्सा लिया । लेवल-1 कक्षा 3 से 5, लेवल-2 कक्षा 6 से 8, लेवल-3 कक्षा 9 से 12 और लेवल-4 में कॉलेज के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में लेवल-1 में मयंक गीता पब्लिक स्कूल शेरा, लेवल-2 में शिवम सरस्वती मॉडल स्कूल अहर, लेवल-3 में शौर्य गुप्ता बाल विकास स्कूल पानीपत और लेवल-4 में सौरभ एसडी पीजी कॉलेज पानीपत ने जीत दर्ज कर रेंज स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया । एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी और डॉ दीपिका अरोड़ा मदान ने इस सफल आयोजन में सक्रीय हिस्सा लिया । मंच संचालन का जिम्मा डॉ संतोष कुमारी और क्विज मास्टर की भूमिका डॉ दीपिका अरोड़ा मदान ने निभाई । प्रतियोगिता में ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रश्न पीपीटी के माध्यम से पूछे गये और जिन टीमों के विद्यार्थियों ने सबसे अधिक सही जवाब दिए उन्हें विजेता घोषित किया गया ।




**क्विज**

**▶▶ प्रतियोगिता में डीएसपी सुरेश सैनी और एसएचओ राकेश कुमार का भी सहयोग रहा**

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेवल-1 (कक्षा 3 से 5) में मयंक गीता पब्लिक स्कूल शेरा ने प्रथम, अवनी ऋषिकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुराना ने द्वितीय और आदित्य सन राइज पब्लिक स्कूल मतलौडा ने तृतीय स्थान हासिल किया । लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) में शिवम सरस्वती मॉडल स्कूल अहर ने प्रथम, आर्यन पाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत ने द्वितीय और मनप्रीत एसवीएम पलडी इसराना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । लेवल-3 (कक्षा 9 से 12) में शौर्य गुप्ता बाल विकास स्कूल पानीपत ने प्रथम, मनन दयाल सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत ने दूसरा और कमल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाना (समालखा) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# नन्हे-मुन्हों ने लिया खेलकूद प्रतियोगिता में भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पाईट** संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल पानीपत में 'जूनियर स्पोर्ट्स डे" मनाया गयाॅ। जिसमें सब बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की । सभी ने बच्चों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया । बच्चों ने योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया । नन्हे मुन्हों द्वारा नृत्य , दौड़ प्रतियोगिता एवं अनेक मनोरंजक गतिविधियों के द्वारा सबको मंत्र मुग्ध किया । बच्चों की खेल प्रतिभा तथा टीम भावना का प्रदर्शन देखने को मिला । बच्चों के खेल तो थे ही साथ ही साथ बच्चों के दादा-दादी नाना- नानी एवं माता-पिता ने भी दौड़ में हिस्सा लिया और मजेदार बात यह थी कि मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सुरेश तायल सर ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया और पदक हासिल किया।



मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे और हरि ओम तायल सर ने खेलों का शुभारंभ किया।

चेयरमैन सुरेश तायल , सेक्रेटरी राकेश तायल , मेम्बर एस एम सी शुभम तायल ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# पर्यावरण बचाओ संगोष्ठी आयोजित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद की कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा पर्यावरण बचाओ के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाए। प्लास्टिक का इस्तेमाल न करेंऔर पेड़ों के रख रखाव की जिम्मेवारी भी उठाएं। भारत विकास परिषद की जिला इकाई के अध्यक्ष पवन गुप्ता नेबताया कि संस्था का उद्देश्य हैकि जो लोग प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय साहनी, पुत्रः** श्री लखन साहनी **पताः** ग्राम सप्ताह थाना रहिका जिला, मधुबनी बिहार, मकान नंबर 14 गली नंबर 17 बापरोला दिल्ली, ने **FIR No. 418/15 U/s 392/411/506/34 IPC थानाः रणहौला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय साहनी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय साहनी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 418/15 U/s 392/411/506/34 IPC थानाः रणहौला दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संजय साहनी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
एल.डी. एमएम–08, पश्चिम–जिला
तीस हज़ार कोर्ट, दिल्ली

**DP/16760/OD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री किशन शर्मा पुत्रः** शिवचरण शर्मा **पताः** गली नंबर–3, छज्जूराम मोड़ मलेरना रोड बल्लभगढ़ हरियाणा, और मकान नंबर–225, आदर्श नगर, मलेरना रोड बल्लभगढ़, हरियाणा, ने **FIR No. 565/15 U/s 498A/406 IPC थानाः जगतपुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री किशन शर्मा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री किशन शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 565/15 U/s 498A/406 IPC थानाः जगतपुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **श्री किशन शर्मा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा - I
जेएमएफसी (महिला कोर्ट–01)
कमरा नंबर 55 दूसरी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/16752/SHD/2024**
**(Court Matter)**

## संपादकीय

# आधुनिक भारतीय संरचना के शंकराचार्य अटल जी

**दृष्टि** अटल पर, वोट कमल पर, राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं अटल बिहारी भाजपा की तीन धरोहर, अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर- देश के नारे बदलते गए लेकिन अपने नाम के मुताबिक अटलजी अडिग रहे। जब देश में राजनैतिक तूफान चरम पर था तब भी अटल बिहारी वाजपेयी किसी पतवार की तरह राष्ट्र के दिशा सूचक बने रहे। उनकी सोच में व्यापकता थी और समझ समावेशी थी। यही वजह रही कि उनकी अगुवाई में गठबंधन की सरकार पहली बार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर सकी। उनका विराट व्यक्तित्व वट वृक्ष के समान था जिसकी छांव में उनके राजनैतिक विरोधी भी आनंद का अनुभव करते थे। उनके स्वभाव में अभाव नहीं था इसीलिए उन्होंने जब भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया तो राष्ट्रीय पार्टी के रूप में देश के कोने-कोने तक पहचान दिलाई। जब उन्होंने देश की बागडोर संभाली तो विकासशील से विकसित भारत बनाने का संकल्प किया। भारत रत्न अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तो दुनिया इक्कीसवीं सदी में कदम रख रही थी। मानो उन्होंने तभी ठान लिया कि नई सदी में संसार के सामने एक नया सितारा उदित होगा जिसकी शस्य श्यामला धरती होगी। अटल जी अद्भुत शिल्पी थे। वो अस्थिरता को स्थिरता में बदल देते थे। वो आदि शंकराचार्य की परंपरा के आधुनिक संत थे। जिस प्रकार जगदगुरु जानते थे कि एक राष्ट्र को बांधने के लिए चारों दिशाओं में शक्ति के केंद्र होने चाहिए, उसी प्रकार अटल जी भी मानते थे कि अर्थव्यवस्था के चारों स्तंभों को एक सूत्र में बांधने से एक नए अर्थतंत्र की स्थापना हो जाएगी जिससे सदियों-सदियों तक देश को प्राणशक्ति मिलती रहेगी। वो दिल्ली से हिंदुस्तान नहीं देखते थे बल्कि सुदूर सीमाओं से राजधानी तक पहुंचने में विश्वास करते थे। इसीलिए उन्होंने देश के सबसे लंबे हाईवे प्रोजेक्ट ह्यस्वर्णिम चतुर्भुजह्न की शुरूआत की। जिससे चारों महानगरों दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को आपस में जुड़ सके। इस परियोजना को अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली की तरह बनाया गया। करीब 5800 किलोमीटर की दूरी तय करने वाला ये देश का सबसे बड़ा और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। जिसने सीमेंट और स्टील की मांग में नई जान फूंक दी। जिससे वाणिज्य और रियल स्टेट क्षेत्र को भी नया जीवन मिला। वाजपेयी जी जानते थे कि किसी भी अर्थव्यवस्था का दिल सड़कों से ही धड़कता है जो उसकी शिराओं का काम करती हैं। उन्होंने देश के बुनियादी ढांचे को ठोस बनाने के लिए कार्यदल का गठन किया था। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए उन्होंने हर मौसम में हर गांव तक पहुंच बनाने की अनूठी पहल की। जिससे ना केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक क्रांति के द्वार खोल दिए। जिससे छोटे और सीमांत किसान के पास बाजार स्वयं उठकर पहुंच गया। इससे पहले जिन किसानों के पास उपज को संग्रह करने की क्षमता नहीं थी उन्हें स्थानीय मंडियों में ही कम दामों में बेचना पड़ता था। खेतिहर मजदूरों को गांव के बाहर निकलने और बेहतर मजदूरी पाने की सुविधा मिली। इस सड़क परियोजना से ग्रामीण प्रतिभाओं के विश्व मंच तक पहुंचने का रास्ता भी साफ हो गया।

# नये आयाम देने वाली शख्सियत थे युगपुरुष अटल बिहारी




दीपक कुमार त्यागी

"जनसंघ के संस्थापक सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष भारतीय राजनीति के पुरोधा युगपुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने ना केवल भारतीय जनता पार्टी को देश व दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने का कार्य किया था, बल्कि उन्होंने देश की राजनीति को भी हमेशा एक नई सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया था। अटल जी ने राजनीति में रहकर भी कीचड़ में खिलने वाले कमल के पुष्प की तरह ही जीवन भर निष्कलंक रहते हुए देश व समाज हित में कार्य करने का काम किया था। उन्होंने भारत की राजनीति में नेहरू, शास्त्री, इंदिरा, मुरारजी, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी, वीपी सिंह, पीवी नरसिम्हा राव, एचडी देवगौड़ा, आई के गुजराल आदि का दौर देखा और इन सबके बीच रहकर भी अपनी कार्यशैली से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का कार्य किया था"

**भारत रत्न** अटल बिहारी वाजपेयी अपने नाम के ही अनुरूप अटल व्यक्तित्व वाले एक महामानव थे। वह अपनी कार्यशैली व ओजस्वी विचारों के दम पर आम जनमानस के दिलो-दिमाग में हमेशा जिंदा रहेंगे, हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां उनके व्यक्तित्व से हमेशा प्रेरणा लेती रहेंगी। अटल जी की पहचान देश व दुनिया भर में एक ऐसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में होती थी, जिसके पक्ष व विपक्ष दोनों खेमें के नेता, समर्थक व आम जनमानस मुरीद थे। उनकी पहचान कुशल राजनीतिज्ञ, पूरी तरह से आम जनमानस के लिए निःस्वार्थ भाव से समर्पित एक बेहद ही शानदार सामाजिक व्यक्ति, प्रखर वक्ता, कवि, साहित्यकार, आम जनमानस के हक की बात करने वाले कलम के सशक्त प्रहरी पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले महामानव के रूप में होती थी। अटल जी हमेशा आम जनमानस की बातों को ध्यान से सुनते थे और जन आकाँक्षाओं को पूरा करने का भरसक प्रयास करते थे। जीवन पर्यन्त उनके द्वारा किए गए कार्य राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण के भाव को दिखाते हैं।

एक साधारण परिवार में 25 दिसंबर 1925 को जन्में अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के प्रधानमंत्री पद को तीन बार सुशोभित करने का कार्य किया था। उनके जीवन का हर क्षण, शरीर का एक-एक कण मां भारती व भारतीय समाज के हितों के कार्य के लिए समर्पित था। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी कवि हृदय वाले एक ऐसे बेहद संवेदनशील उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, जिनको हर परिस्थिति में राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर के हमेशा इंसान व इंसानियत की चिंता रहती थी। लेकिन साथ ही जब देशहित की बात हो तो अटल जी के व्यक्तित्व में एक बेहद ही कठोर चट्टान की तरह कठोरता मौजूद थी, जिसकी बानगी दुनिया ने समय-समय पर देखी है, कारगिल युद्ध इसकी एक बानगी मात्र है। अटल जी का ओजस्वी व्यक्तित्व एक आम इंसान व एक खास इंसान सभी तरह के लोगों को जोड़कर के चलने की क्षमता रखता था। वह मां सरस्वती के ऐसे ज्ञानी पुत्र थे, जो कि वाकपटुता के धनी धाराप्रवाह बोलने की क्षमता रखने वाले एक कुशल ओजस्वी वक्ता थे।



अटल जी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नद्रष्टा और आधुनिक राष्ट्र के निमार्ता थे, जिन्होंने देश को एक नयी दिशा देकर आम जनता के जीवन की दशा में बहुत सारे सकारात्मक बदलाव किए थे। उनके कुछ कार्य ऐसे हैं जिन्होंने देश की दशा व दिशा को पूरी तरह से बदल डालने का कार्य किया था

- 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में जब उन्होंने पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण कर के इतिहास रचा था, तो उस समय पूरी दुनिया अचानक से बढ़ती भारत की परमाणु शक्ति से हैरान-परेशान हो गयी थी। उस वक्त भारत के दुश्मन देश अपनी सुरक्षा के लिए यूएन व अमेरिका से भीख मांग रहे थे, वह अटल जी के द्वारा उठाए गए इस कदम से बेहद परेशान हो गए थे।
- वहीं 19 फरवरी 1999 को पाकिस्तान से संबंध सुधारने के उद्देश्य से सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर की बस सेवा शुरू करके अटल जी ने भारत-पाकिस्तान के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक इतिहास रचने का कार्य किया था। हालांकि उनके इस कदम पर आतंकियों के आका पाक ने ही स्वयं पानी फेर दिया था। अटल जी के नेतृत्व में ही 3 मई 1999-26 जुलाई 1999 तक भारतीय सेना के जांबाजों ने करगिल युद्ध में पाक के अवैध कब्जे से भारत के बहुत बड़े भूभाग को छुड़ाने का साहसिक व ऐतिहासिक कार्य किया था।
- कारगिल युद्ध के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बेहद तनावपूर्ण संबंधों के बाद भी वर्ष 2001 में भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से आगरा में शिखर वार्ता करने का साहसिक कदम उठाकर, अटल जी ने दुनिया को चौका दिया था।
- अटल जी ने ही 21वीं सदी के आधुनिक भारत के विकास की मजबूत नींव रखने का कार्य करते हुए, विकास को तेज गति देने के लिए देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग की विभिन्न छोटी-बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए, देश को महत्वाकांक्षी व दूरगामी परिणाम देने वाली स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी बेहद ही काम की बड़ी परियोजना के माध्यम से देश के चार मुख्य महानगर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई को सड़क मार्ग से जोड़ने की शुरूआत करके देश में आधुनिक सड़कों के जाल बिछाने की शुरूआत की थी। हालांकि आज महामानव भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर देश व दुनिया के लोग उनको अपने-अपने शब्दों के मध्यम से अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। लेकिन यह भी कटु सत्य है कि विराट व्यक्तित्व की शख्सियत अटल जी के विराट व्यक्तित्व का वर्णन शब्दों में करना किसी भी व्यक्ति के लिए आसानी से संभव नहीं है। उनके शानदार व्यक्तित्व का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वह आम जनमानस के साथ-साथ देश के राजनीतिक गलियारों में पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए ही आदर्श रहे हैं। उनकी वाकपटुता का आज भी देश के राजनीतिक गलियारों कोई तोड़ नहीं है, देश के आम व खास सभी वर्गों के लोग उनको बेहद ध्यान से सुनने का कार्य करते थे। अटल जी की बोलने की शैली बेहद ही शानदार थी, देश के पक्ष व विपक्ष के सभी राजनेताओं को उस शैली से सीखना चाहिए। अटल जी जब भी किसी व्यक्ति या संस्था पर टिप्पणी करते थे, तो अपनी उस टिप्पणी से उनका उद्देश्य भी पूरा हो जाता था और आपसी संबंधों में किसी भी प्रकार की कटुता भी उत्पन्न नहीं होती थी, यह उनकी शैली की खूबी थी, जिस शैली को आज के दौर के राजनेताओं व सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी लोगों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, कवि हृदय अटल जी ने एक से बढ़कर एक कविताएं लिखी हैं, उनकी एक कविता कदम मिलाकर चलना होगा-

बाधाएँ आती हैं आएँ
घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों में हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।

की चंद पंक्तियां जीवन पथ चलते हुए पर हर पल व्यक्ति को जबरदस्त हौसला प्रदान करती हैं।

जनसंघ के संस्थापक सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष भारतीय राजनीति के पुरोधा युगपुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने ना केवल भारतीय जनता पार्टी को देश व दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने का कार्य किया था, बल्कि उन्होंने देश की राजनीति को भी हमेशा एक नई सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया था। अटल जी ने राजनीति में रहकर भी कीचड़ में खिलने वाले कमल के पुष्प की तरह ही जीवन भर निष्कलंक रहते हुए देश व समाज हित में कार्य करने का काम किया था। उन्होंने भारत की राजनीति में नेहरू, शास्त्री, इंदिरा, मुरारजी, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी, वीपी सिंह, पीवी नरसिम्हा राव, एचडी देवगौड़ा, आई के गुजराल आदि का दौर देखा और इन सबके बीच रहकर भी अपनी कार्यशैली से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का कार्य किया था। वास्तव में वह मां भारती के एक अनमोल रत्न थे, मैं जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## कविता

### गजब ढ़ातीं थीं चिट्ठियां ।

गए जमाने में क्या क्या गजब ढातीं थी चिठ्ठीयां,
कभी बेतहाशा खुशी,
कभी मायूसी की खबर लाती की चिठ्ठीयां।
लाम पर गए सपूत की हर पल की खबर लाती
थी चिट्ठियां,
कभी दूर गए बेटे के पैसों से लिपटे मनी ऑर्डर
पर छोटी खबर लाती थी चिट्टियां,
बहन की प्यारी राखी, कभी छोटे भाई के लिए
खुशखबरी लाती थी चिट्ठीयां,
बूढ़े मां बाप को चिट्ठियों का होता ता था लंबा
इंतजार,
डाकिये को देख हो जाते थे सब बेकरार,
सीमा पर चौकसी करते जवान के लिए,
गांव में रहती सांवली सलोनी पत्नी के प्यार से
लिपटी शब्दों की चाशनी लाती थी चिट्टियां,
गांव गांव, शहर शहर,
कितना अहम किरदार थी चिट्ठियां।
बहन की राखी, भाई की मंगनी,
पिता की बीमारी, मां की खांसी
सारी खबर लाती ले जाती थी चिठ्ठीयां,
जिंदगी का जीता जागता दस्तावेज इतिहास
होती थी चिठ्ठीयां,
सीमा पर जवान को
बेटे के पल पल बढ़ते
घुटनों के बल चलने लगे,
तोतला कर बाबा बाबा बोलने की प्यारी खबर
लाती थी चिठ्ठीयां।

संजीव

## अटल पथ के महान राजनेता थे अटल जी

मनोज कौशल

**स्वर्गीय** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को 100वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। अटल पथ के महान राजनेता थे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई । वे एक पढ़े-लिखे राजनेता, कुशल वक्ता और साहित्यिक विचारधारा के राजनेता थे । उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार कार्य किया था। वे अविवाहित रहते हुए देश और समाज के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिये। उनके अंदर समर्पण का भाव था राष्ट्र की उन्नति के लिए उन्होंने सदैव अपना मूल्यवान समय दिया। वाजपेई जन संघ के संस्थापक सदस्य थे।

वे पहले सफल गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 6 वर्षों तक देश पर शासन किया। विपक्ष में रहते हुए वे संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुए, वहां हिंदी का परचम लहराया। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का रहा, तत्पश्चात 1998 से 2004 तक उनका कार्यकाल मिल का पत्थर साबित हुआ। 1998 अटल जी के कार्यकाल में परमाणु परीक्षण हुआ और भारत परमाणु शक्ति के रूप में जाना गया।

1999 में सर्वप्रथम भारत पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए सर्वप्रथम लाहौर पाकिस्तान की बस सेवा शुरू की गई। 1999 में कारगिल युद्ध के द्वारा यह संभव हो पाया। सन 2001 में सर्व शिक्षा अभियान की शुरूआत कर प्रधानमंत्री ने देश के 6 से 14 वर्ष के वंचित बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान किया। राजनीति से दूरी बनाने के बाद उन्होंने राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन का संपादन किया। अटल जी अपनी कार्य कुशलता से एक वरिष्ठ पत्रकार का भी परिचय दिए। अटल जी काशी से प्रकाशित चेतना पत्रिका के संपादक रहे व प्रखर वक्ता थे। उनके भाषण कला पर नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे लोग फिदा थे।

उन्होंने हिंदुत्ववादी नेता होते हुए भी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की कल्पना की।

गुजरात में गोधरा कांड हुआ उस समय अटल जी भारत के प्रधानमंत्री थे और गुजरात में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां के मुख्यमंत्री के रूप में थे। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि मुख्यमंत्री को क्या करना चाहिए तो अटल जी ने जवाब दिया कि उन्हें अपना राजधर्म निभाना चाहिए। बिना किसी हिंदुत्ववादी ताकतों के दबाव में आए , उन्होंने जो कार्यकाल पूरा किया उसे भारतीय राजनीति का स्वर्णकाल कहा गया। अटल जी की इसी विद्वता के कारण उन्हें 27 मार्च 2015 में तात्कालिक राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उनके आवास पर जाकर भारत रत्न की उपाधि दी। सन 2018 में उन्होंने अखिल भारतीय आयुरविज्ञान संस्थान (एम्स ) में अपने जीवन की अंतिम सांस लिये। एक कवि और रचनाकार के रूप में अटल बिहारी वाजपेई की छवि उनकी विद्वता और राजनीति में चार चांद लगाते थे।उनके प्रमुख रचना संग्रह इस प्रकार हैं : मेरी इक्यावन कविताएं , संघर्ष के बादल छटेंगे , हार नहीं मानूंगा , रार नहीं ठानूंगा, गीत नया गाता हूं , काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं। इस प्रकार अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी सहज प्रभावशाली भाषा का प्रयोग किया। जो एक प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें शोभा देता था। तमाम प्रधानमंत्री हुए लेकिन अटल बिहारी वाजपेई ने व्यक्तित्व की जो छवि प्रदर्शित की यह भारतीय राजनीति में अतुलनीय और अविस्मरणीय है। सभी राजनेताओं को उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिए।

## विचार

### बच्चों की गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ी पहल

किशन सनमुखदास

**वैश्विक** स्तरपर न केवल मानवीय जीव के लिए शिक्षा ग्रहण करना उसकी सफलता की कुंजी है बल्कि उसने संपूर्ण राष्ट्र के लिए भी विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ऐसा माना जाएगा जैसे भारत को विजन 2047 में हर व्यक्ति के शिक्षित होने से इस विजन को एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा इसलिए ही केंद्र व राज्य सरकारें शिक्षा पर दो जोर दे रही है गुणवत्ता शिक्षा के लिए अनेक रणनीतियां बनाई जा रही है, इसी दिशा में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को भारत के गजट में 16 दिसंबर 2024 की आधिसूचना को प्रकाशित किया है, जिसमें अब नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया है, जिसमें अब 5 वीं व 8 वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्याथीर्यों को अब पास नहीं किया जाएगा। हालांकि दो माह के अंदर दूसरी परीक्षा ली जाएगी,परंतु अगर उसमें भी वह फेल हो जाता है तो उसे उसी कक्ष में रोक दिया जाएगा परंतु निष्कासित नहीं किया जा सकता। हालांकि 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद 16 राज्यों ने पहले से ही फेल नहीं करने की नीति को समाप्त कर दिया था, क्योंकि शिक्षा यह राज्य का विषय है परंतु अब केंद्र सरकार ने भी अधिसूचना जारी कर फेल को फेल ही रहने देने की अधिसूचना जारी कर दी है।चूँकि बच्चों की गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी पहल है शिक्षक वह अभिभावक पढ़ाई में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शिक्षा के स्तर में सुधारो की दिशा में बड़ा कदम, अब 5 वी से 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल विद्यार्थी फेल ही रहेंगे। साथियों बात अगर हम शनिवार दिनांक 21 दिसंबर 2024 को जारी केंद्रीय गजट में अधिसूचना की करें तो,अब पांचवीं और आठवीं क्लास की परीक्षा में फेल होनेवाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया

जाएगा। सरकार ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में संशोधन किया है।सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म कर दी है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आज, 21 दिसंबर 2024 को बड़ा फैसला करते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया। अब कक्षा 5 वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। फेल होने वाले छात्रों को दो महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। अगर कोई छात्र दोबारा फेल होता है तो उसे प्रमोट नहीं किया जाएगा। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह नियम केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3 हजार से अधिक स्कूलों पर लागू होगा। वहीं मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं.पहले ही 16 राज्यों और दिल्ली सहित 2 केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दो कक्षाओं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को पहले ही खत्म कर दिया है। साथियों बात अगर हम अधिसूचना को समझने की करें तो, एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय परअधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा अधिसूचना में कहा गया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे अटल जी

रोहित माहेश्वरी

**भारत रत्न** से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्शों से सिंचित एक पूरी पीढ़ी है, जिसमें उन्हीं की तरह 'राष्ट्र प्रथम' का जज्बा है। अटल जी के त्याग, तप, सिद्धांतों एवं दृढ़ संकल्पों से निर्मित मार्ग पर चल कर यह पीढ़ी राष्ट्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नवीन आयाम स्थापित कर रही है। यह मेरा सौभाग्य है कि अटल जी का सान्निध्य एवं निकटता से मार्गदर्शन प्राप्त कर उसका अनुसरण करने वाली इस पीढ़ी का एक सदस्य मैं भी हूं। मां भारती के लाल अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उनके व्यक्तित्व में अनगिनत आयाम थे। व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी, व्यवहार में शालीनता, स्वभाव में सादगी और सौम्यता का संगम यदि कहीं एक ही व्यक्ति में खोजना हो, तो वह ह्यभारत रत्नह्न अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व में मिलता है। राजनीति में शुचिता, सरकार में सुशासन और संसद में सर्वमान्य सांसद के साथ ही संवेदनशील साहित्यकार, महान राष्ट्रभक्त और अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व हिमालय के समान विराट था। अटल जी ने देश के लोगों के जीवन में अपने विचारों का जो प्रभाव डाला, वह सदा-सर्वदा स्मरणीय बना रहेगा। भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में किये कार्यों की बदौलत ही अटल बिहारी वाजपेयी को भारत के विकास का दूरद्रष्टा कहा गया है। बात चाहे समर्थकों में समर्पण भाव पैदा करने का हो, चाहे विरोधियों का दिल जीतने की, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी वाजपेयी दोनों में अव्वल थे। उनका सार्वजनिक जीवन बहुत ही बेदाग और साफ सुथरा था। इसी छवि और साफ सुथरे सार्वजनिक जीवन की वजह से अटल बिहारी वाजपेयी जी का हर कोई सम्मान करता था।

तभी तो उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। अटल जी के लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा। अटल बिहारी वाजपेयी जी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे, तो उनके विरोधी भी उनकी तर्कपूर्ण वाणी के आगे कुछ नहीं बोल पाता थे।

### क्रिसमस का त्यौहार सही मायनों में कैसे मनाएं?

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**आज** विश्वभर में क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन ईसा मसीह का जन्म हुआ था। ईसा मसीह का मूल संदेश, प्रेम का संदेश था। उनकी इन शिक्षाओं के आधार पर ही ईसाई धर्म की शुरूआत हुई। ईसा ने अपने शिष्यों को जो महान संदेश दिया, उसको दो आज्ञाओं में समेट सकते हैं। पहला आप अपने प्रभु को पूर्ण हृदय से, पूर्ण आत्मा से तथा पूरे मन से प्यार करें। और दूसरा अपने पड़ोसी से ऐसे ही प्यार करो जैसा हम अपने आपसे करते हैं। आज के दिन खुशियों के इस त्यौहार पर लोग एक-दूसरे से मिलते-जुलते हैं तथा भेंट व शुभकामनाएं देते हैं, जिससे कि सारा वातावरण प्रेम से भरपूर हो जाता है। प्रेम करना ही सदा का प्रेम पाना है। जब हम दूसरों को प्रेम करते हैं तो स्वाभाविक रूप से हम वापसी में भी प्रेम प्राप्त करते हैं। यदि हम सब एक-दूसरे को प्रेम बांटेंगे तो उसका प्रभाव यह होगा कि यह संसार एक स्नेहमयी स्थान बन जाएगा। यदि हम औरों को प्रेम देते हैं तो अंत में हम भी अधिक प्यार पाते हैं। जिसका कारण यह है कि प्रेम एक ऐसा गुण है जो न सिर्फ नफरत, हिंसा, स्वार्थ, लोभ और क्रोध को खत्म करता है बल्कि इससे हमारे अंदर के सभी नकारात्मक विकार भी नष्ट हो जाते हैं। इसके द्वारा हम शांति, आनंद और मस्ती से सराबोर हो जाते हैं। जितना अधिक हम संसार को प्रेम देते हैं, उतना अधिक वह लोग जिन्होंने प्रेम का अनुभव नहीं किया होता, उसे पाकर वे खुशी से भरपूर हो जाते हैं। परिणामस्वरूप उनका जीवन बदल जाता है और वे अनुभव करते हैं कि उनके जीवन में क्रोध और नफरत की तुलना में प्रेम कितना अधिक मूल्यवान है। लोग जितना अधिक प्रेम के ठंडक देने वाले हाथों का स्पर्श पाते हैं, वह उतना ही खुश होते हैं और उस प्रेम की खुशी को औरों में बांटते हैं। समय के साथ-साथ हमारे द्वारा दूसरों को दिया गया यह प्रेम बर्फ की उस गेंद के समान है जो पहाड़ी से नीचे की ओर लुढ़कती हुए बड़ी और बड़ी होती जाती है और एक गतिशीलता से कार्य करती है। अर्थात हमारे अंदर प्रेम का विस्तार होना शुरू हो जाता है और यह प्रेम हमसे औरों में भी फैलता है। इस प्रकार धीरे-धीरे यह संसार प्रेम का एक ऐसा स्थान बन जाएगा, जहाँ हरेक की जिंदगी प्रेम, खुशी, आनंद और रोशनी से भरपूर होगी।

हम ऐसी अवस्था को कैसे प्राप्त कर सकते हैं? जहाँ हम दूसरों से प्रेम चाहने की अपेक्षा उन्हें प्रेम दें।

## न्यूज फ्लैश

### किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र में क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी, मुख्य अधयापिका सुनीता रानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह बाठ जी ने विद्यार्थियों को प्रभु यीशु मसीह के बारे में बताते हुए कहा कि यीशु मसीह का जन्म किसी विशेष धर्म के लिए नहीं अपितु संपूर्ण जाति के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने हमें सभी से प्रेम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी बताया कि यीशु दुनिया में इसलिए आए ताकि लोग ईश्वर के साथ संबंध बनाकर जीवन जी सकें। वह ईश्वर को जाने और ईश्वर पर विश्वास करें ।प्रभु यीशु ने हमें मानवता से प्रेम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय को विशाल क्रिसमस ट्री और स्नोमैन द्वारा सजाया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रंगारंग तथा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉस के रूप में सजे-धजे बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्रिसमस नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### ब्रह्मानन्द महाराज के 116 वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का किया अयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



कुरुक्षेत्र :आज कुरुक्षेत्र जगत गुरू स्वामी ब्रह्मानंद वैदिक संग्रहालय आश्रम नजदीक थीम पार्क में यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा ब्रह्मानन्द महाराज के 116 वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि धर्मवीर मिजार्पुर चैयरमेन पशुधन हरियाणा सरकार ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और आए हुए सभी गणमान्य श्रद्धालुओं को बधाई दी। गुरू ब्रह्मानंद की कृपा सभी पर बनी रहे आश्रम कि तरफ से देवी वेद शारदानंद सरस्वती ने आए हुए सभी गणमान्य श्रद्धालुओं को आशिर्वाद दिया। इस मौके पर डॉ रमा ,सुमित कुमार, राजेंद्र ग्रोवर सुरजीत सुनहेड़ी, सचिन पाल आदि ने रक्तदान कर पुण्य के भागीदारी बने

### झंकार में लगेगी विरासत की सांस्कृतिक प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित झंकार कार्यक्रम के तहत विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से एक दिवसीय सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के साक्षात दर्शन होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक श्री अशोक रोशा ने दी।उन्होंने बताया कि विद्या भारती से संबद्ध एवं हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा द्वारा संचालित श्रीमद्भगवद्गीत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 25 दिसंबर 2024 को झंकार 2024 का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे वहीं पर दूसरी ओर प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा निर्मित विषय-वस्तुओं के साथ लोक पारंपरिक विषय-वस्तुओं की प्रदर्शनी छात्रों के लिए विशेष आकर्षण रहेगी। विरासत की ओर से लगने वाली इस प्रदर्शनी में लुगदी से बने हुए इको फेंडली लोक पारंपरिक बोहिये, कूंए से पानी खींचने के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले डोल, प्राचीन ताले, ऊंचे खेतों में पानी देने के लिए डायल, पुराने बाट प्रदर्शनी में लगाए जाएंगे।

# आज नगराधीश करेंगी पांच दिवसीय शिविर के प्रतिभागियों को सम्मानित

## आज पढ़ाई के साथ-2 कम्पयूटर शिक्षा व अन्य टैक्निीकल शिक्षा में भी प्रगाढ़ होना समय की जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**



**उपायुक्त** एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी डॉ0 विरेन्द्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व हरियाणा, राज्य शाखा, चण्डीगढ़ भारतीय रैडक्रास सोसाईटी डॉ0 के महासचिव मुकेश अग्रवाल से प्राप्त निर्देशानुसार चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गौरव राम करण, सचिव, रैडक्रास की देख-रेख में पी.एम. राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत के प्रांगण में किया जा रहा है। सचिव गौरव राम करण ने बताया कि रैडक्रास ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मिस टिनू, एच.सी.एस. नगराधीश, पानीपत बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त करेंगीं और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्सकारों से सम्मानित किया जायेगा। शिविर निदेशक हरमेश चन्द ने बताया कि चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर में पानीपत के 16 विद्यालयों से 100 से अधिक प्रतिभागियों को घरेलू गैस सिलेण्डर के प्रयोग और आग से बचाव के उपायों, रक्तदान, कैरियर काउंसलिग, डिजिटल फ्राड से बचाव बारे जानकारी, बच्चों के खान-पान व संतुलित आहार, पौधारोपण, महिलाओं के अधिकार, पोक्सो एक्ट व समाजिक सुरक्षा, बजुर्गों की देखभाल, मोबाईल के उपयोग/दुरउपयोग, गृह परिचर्या, आपदा प्रबधन इत्यादि विषयों पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा बहुत ही संजीदा जानकारी प्रदान करते हुये जागरूक जा रहा है, ताकि बच्चों को सर्वागिण विकास हो सके।

**जागरूक**

▶▶ विषयों पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा बहुत ही संजीदा जानकारी प्रदान करते हुये जागरूक जा रहा है

आर.सी.आई.टी निदेशक डा0 सोनू सिंह ने बच्चों के स्किल डैवेलपमैंट के बारे में अवगत करवाते हुये कहा कि हमें अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण करना है। हमें पढ़ाई के साथ-2 अपनी पर्सनलैटी में भी सुधार लाना है, क्योंकि हमारे व्यक्तित्व का हमारे भविष्य पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। आज पढ़ाई के साथ-2 कम्पयूटर शिक्षा व अन्य टैक्निीकल शिक्षा में भी प्रगाढ़ होना समय की जरूरत है।

## एलएलएफ के स्थापना दिवस पर किया खेल मेले का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : एलएलएफ के 10 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में रा.प्रा.विधालय गोगपुर में खेल मेले का आयोजन हुआ जिसमें बाल वाटिका और कक्षा एक के 20 बच्चों और 14 अभिभावकों ने मिलकर कहानियों पर कार्य, चित्र बनाना और खेल पिरामिड बनाना, कठपुतली पकड़ जैसे खेल खेले ' शिक्षक नरेश द्वारा खेलों के महत्व को बताया गया कि छोटे बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए खेलों का बहुत योगदान है। शिक्षक नरेश ने बच्चों और अभिभावकों को कहानियाँ भी सुनाई ' एलएलएफ के खंड समन्वयक शुभांशु ने बताया कि जिले के 100 प्राथमिक विद्यालयों में एलएलएफ और सरकार द्वारा बाल वटिका कार्यक्रम चलाया जा रहा है । संस्था के 10 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में खंड थानेसर के 15 स्कूलों में खेल मेले का आयोजन किया जा रहा है। शुभांशु द्वारा गांव के सरपंच रोहित कुमार और धर्मपत्नी रितु और सभी अभिभावकों को कार्यक्रम के बारे में बताया और सामग्री से परिचय करवाया।

## एडीसी ने की शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतने की अपील

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** शीत लहर के चलते आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की है। एडीसी डॉ. पंकज यादव ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। एडीसी ने बताया कि मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। यथा संभव घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए केवल आवश्यक यात्रा ही करें।

# आमजन-पुलिस को मिलकर काम करना होगा: वरूण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : अपराधों और अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आमजन और पुलिस प्रशासन को मिलकर काम करना होगा । पुलिस अपना काम कर रही है इसके साथ-साथ आमजन का सहयोग मिले तो अपरोधों को रोकना और भी आसान होगा। ये बातें मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने जिला के बैंक प्रबंधकों, ज्वैलर्स एसोसिएशन, मार्किट एसोसिएशन, आढतियों तथा पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक के दौरान कही। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में अपील करते हुए कहा कि बैंक, एटीएम परिसर, कैश वैन, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप पर पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची जरुर लगवाएं। इसके साथ ही बैंक, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप पर हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाए जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रह सके। कैमरों की फुटेज साफ होगी। जिससे अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकड़ने मे आसानी होगी। उन्होंने कहा कि बैंकों व पेट्रोल पंप पर होने वाली अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए बैंकों व पेट्रोल पंप संचालकों और अन्य व्यापारियों का सहयोग बेहद जरूरी है। बैंक, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप पर कार्यरत कच्चे कर्मचारियों तथा चोंकीदारों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। ज्यादा कैश देने पर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। बैंकों का अलार्म सिस्टम दुरूस्त हो व कैश रखने की जगह के सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो। पुलिस आधीक्षक वरूण सिंगला ने कहा कि वर्तमान समय नई तकनीक का है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रायः देखने में आता है कि प्रतिष्ठानों पर आम नागरिक, व्यापारी वर्ग की सीसीटीवी कैमरे का एंगल सिर्फ सुरक्षा के मध्यनजर उनके दुकान तक सीमित रहता है।

**सहयोग**

▶▶ वारदातों को रोकने के लिए बैंकों व पेट्रोल पंप संचालकों और अन्य व्यापारियों का सहयोग बेहद जरूरी है।

## कुवि में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह 26 को



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 26 दिसम्बर, 2024 को श्रीमद्भगवद्गीता सदन (सभागार) में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। इस कार्यक्रम में सिख संगत भी शिरकत करेगी। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि सिखों के दसवें गुरू गोबिंद सिंह जी के पुत्रों को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। हर साल 26 दिसंबर उनकी वीरता और बलिदान के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने बताया कि बाल दिवस राज्य स्तरीय समारोह कार्यक्रम के आयोजन के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक कमेटी का गठन किया गया है। सोमनाथ सचदेवा द्वारा बाल दिवस राज्य स्तरीय समारोह के लिए गठित कमेटी के अध्यक्ष छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया।

# शरद ऋतु में रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक: वैद्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति एवं श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने की। अतिथियों का शिविर में पधारने पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, तरुण वधवा व अजीत सैनी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति प्रो वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा शरद ऋतु में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को पित्त जन्य रोग जैसे कि दाद, खाज, खुजली, सोरायसिस, एग्जिमा और सफेद कुष्ठ नही होता इसके साथ ही रक्त तथा पित्त की विकृति से होने वाले रोग विभिन्न प्रकार की गांठे, सूजन वा एलर्जी नही होती। उन्होंने बताया कि रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है इसकी आपूर्ति का कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। कहा कि रक्तदान से कोलेस्ट्रॉल घटाने में मदद मिलती है। रक्तदान करने से शरीर में नया खून और नई सेल्स बनते हैं जो रक्त को पतला करती है।

**महादान**

▶▶ रक्तदान को महादान बताया। कहा कि रक्तदान से कोलेस्ट्रॉल घटाने में मदद मिलती है

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बलिंदर सिंह सांगवान ने की तथा विशिष्ट संरक्षक की भूमिका के रूप में विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य मौजूद रही व मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सांगवान ने शिरकत की। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन से की गई इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने बड़े जोश के साथ लक्ष्य गीत गुनगुनाया। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। मुख्य अतिथि रविंद्र सांगवान द्वारा सभी स्वयंसेवकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में अनुजीत व पुरुष वर्ग में सुल्तान को बेस्ट वालंटियर खिताब से नवाजा गया।

## अफसर रावल नें डॉ. मोहन भागवत के बयान का किया समर्थन

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
पानीपत मे आज एक गर्वित भारतीय और मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में आपसे मुखातिब हूं। हाल ही में पुणे में आयोजित व्याख्यान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख, मोहन भागवत द्वारा दिए गए वक्तव्य का मैं पूर्ण समर्थन और स्वागत करता हूं। उनके विचार गहराई और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। इसके अलावा, मुझे यह भी गर्व है कि मुझे भागवत के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने का अवसर मिला। हाल ही में उनकी भतीजी के विवाह समारोह में मेरी उनसे और उनके परिवार से मुलाकात हुई।

# 10वें स्थापना दिवस पर खेल मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : पेहवा ब्लॉक के 15 प्राथमिक विद्यालयों में खेल मेले का आयोजन किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार कौशिक के मार्गदर्शन में और खंड शिक्षा अधिकारी रामराज शर्मा के सहयोग से इस दिन को खास बनाने के उद्देश्य से बाल वाटिका 3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चो को भागीदारी करने का अवसर मिलो कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए स्कूल मुखिया ने सभी बच्चो को लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के बारे में बताया कि यह संस्था हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है और सभी स्कूलों में अकादमिक सहायता प्रदान करती है` संस्था के द्वारा समय समय पर शिक्षक प्रशिक्षण और टीएलएम भी उपलब्ध करवाया गया है। बाल वाटिका के बच्चों के साथ जो कार्य हो रहा है उसकी सारी शिक्षण सामग्री और खिलोने दिए गये हैं जोकि बच्चों के सीखने में बहुत उपयोगी हैं ।इस अवसर पर खेल मेले का आयोजन कर रहे हैं, जोकि निपुण हरियाणा कार्यक्रम को मदद करेगो इस मेले में बालवाटिका-3 में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इसी के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला को-ऑपरेटिव फार्म में खेल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक से आए ब्लॉक समन्वयक सुमित शर्मा ने अभिभावकों को खेल मेला आयोजन का उद्देश्य और इसका महत्व अभिभावकों को बताया गया। अभिभावकों और बच्चों ने आज के दिन सुझाई गई गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य रूप से रंगोली, कलर पहचान, पिरामिड बनाना, कुर्सी का खेल मुख्य थे।

**भागीदारी**

▶▶ बाल वाटिका 3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चो को भागीदारी करने का अवसर मिला

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**



शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय के सभागार में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर चौहान ने की` वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व पार्षद रविन्द्र भाटिया, अनिल मदान, लोकेश नांगरू, डॉ. हेमा रमन, प्राण रत्नाकर ने पानीपत पहुँचने पर मुख्य अतिथि का स्वागत कियो मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त कियो इस बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठ एवं विभाग के जिला प्रमुख, मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों के अलावा मंडल प्रभारियों ने भी भाग लिया` मंच संचालन करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सोनी ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी` बैठक की अध्यक्षता करते हुए पानीपत शहरी और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के कार्यक्रम प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर चौहान ने कहा कि अनुशासन में अद्भुत शक्ति होती है और भाजपा जहां विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है वहीं विश्व की सबसे अनुशासित पार्टी भी है भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें अन्त्योदय की भावना और सुशासन के साथ विकास कार्य करवा रही हैं और अध्यात्मिक एवं धार्मिक राष्ट्र की धरोहरों को भी सुरक्षित बनाने का कार्य कर रही हैं उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के सेक्टर 6 कार्यालय पर मनाया जाएगा और जिला में बूथ स्तर पर भी यह कार्यक्रम मनाया जाएगो इसी प्रकार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस भी मंडल स्तर पर मनाया जाएगो इसी प्रकार 29 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन बूथ स्तर पर भी किया जाएगा` उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अनुरोध किया कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दें उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश की जनता को सत्य पर आधारित इतिहास नहीं पढ़ाया गया बल्कि सत्य इतिहास को हर स्तर पर छुपाने का प्रयास किया गयो उन्होंने कहा कि दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अनेक प्रकार के अत्याचार, अन्याय और अधर्म का मुकाबला किया और कम आयु के साहबजादों का बलिदान भी दियो आगामी 26 दिसंबर को उनकी याद में पूरे भारत में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने शासन के दौरान विश्व को सुशासन का पाठ पढाया और अन्त्योदय की भावना से गरीब आदमी के कल्याण के लिए अनेक योजनायें लागू की, इसलिए 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है।

## युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**नेहरू** युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार ) के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन तेजस कॉन्वेंट स्कूल सोनीपत में किया गया, ।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हेमंत नांदल अध्यक्ष राष्ट्रवादी परिवर्तन मंच रहे उन्होंने बॉलीवाल टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैच शुरू करवाया प्रतियोगिता में लड़को के लिए वालीवाल , 400 मीट्ठ दौड़,में अभिनव,प्रथम,रवि द्वितीय,जयदीप तृतीय,रहे,। लड़कियो के खो खो की टीम में तेजस स्कूल टीम ने प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान पर गढ़ी घसीटा कॉलोनी की टीम रही।200मीट्ठ की दौड़ में तनीषा प्रथम,कृतकिया द्वितीय,हंसिका तृतीय रही। लंबी कूद में दीक्षा प्रथम ,रिया द्वितीय, हिमांशी तृतीय स्थान पर रही।इस दौरान प्रिंसिपल ज्योति मुंजाल ने विजेता प्रतिभगियों को ट्रॉफी ,मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई 2025 एसपी 160

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई एसपी 160 को लॉन्च किया है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। आज के जमाने के राइडर के लिए बनाई गई, इस अपडेटेड एसपी 160 में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई 2025 होंडा एसपी 160 की शुरूआती कीमत (एक्स-शोरूम दिल्ली) 1,21,951 रुपये है। अपडेटेड एसपी 160 को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम नई OBD2B अनुपालक ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) अपडेटेड एसपी 160 को पेश करते हुए बहुत खुश हैं। अपने लॉन्च के महज एक साल के भीतर, एसपी 160 ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई है। अब OBD2B मानकों का पालन करने वाले इंजन और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी एवं टीएफटी डिस्प्ले जैसी आधुनिक खूबियों के साथ, एसपी 160 हमारे ग्राहकों के गाड़ी चलाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। इस लॉन्च के बारे में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, " एसपी 160 बोल्ड बनने की चाहत रखने वाले महत्वाकांक्षी युवा राइडर्स द्वारा प्रेरित है। अपनी आधुनिक डिजाइन, विभिन्न फीचर्स से लैस टेक्नोलॉजी और असाधारण मूल्य के साथ, नई एसपी 160 युवा, टेक-सेवी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगी जोकि स्टाइल के साथ-साथ शानदार फंक्शन वाली बाइक चाहते हैं। हमारा मानना है कि अपडेटेड एसपी 160 का लॉन्च 160 सीसी के प्रीमियम यात्री वर्ग में नए मानक स्थापित करेगा।

### संगीन अपराधों की निष्पक्षता से जांच करें अधिकारी- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने निर्देश दिए कि जिला में दर्ज संगीन अपराधों की जांच में तेजी लाई जाए और मामलों की गहनता और निष्पक्षता से जांच करके कानून के दायरे में अपराधियों को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने यह निर्देश उपायुक्त कार्यालय में आयोजित चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक के दौरान एंजैडे में रखे बिंदु एवं केसों की प्रगति के बारे में उपायुक्त ने विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान चिन्हित अपराधिक मामलों से संबंधित कानूनी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिये कि मामलों की जांच प्रक्रिया में तेजी लाकर जल्द से जल्द निपटान किया जाए ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके, जिन संगीन अपराधिक मामलों में आरोप तय हो चुके है, ऐसे मामलों में न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आपराधिक प्रवृति के लोगों में कड़ा संदेश जाए तथा वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में मामलों की मजबूती से पैरवी की जाए ताकि अपराधी बच ना पाए। इस मौके पर जिला न्यायवादी नरेंद्र भोरिया ने उपायुक्त को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए मामलों में की गई कार्रवाई की प्रगति के भोरिया, एसपी केंद्रीय जेल सतविंदर कुमार, डीएसपी विजय कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद है।

# राहुल गांधी का प्रताप सारंगी को धक्का देना गलत : प्रदेशाध्यक्ष

## जनता से उन्हें काफी स्नेह व प्यार मिला है जिसकी वजह से विकास कार्यों को करने में उन्हें सेवा का मौका मिला

**हताश**

▶▶ चुनावों में मिल रही हार से हताश कांग्रेस के नेताओं ने लोकतंत्र के मंदिर को भी नहीं छोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**

बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी को धक्का देने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने राहुल गाँधी पर कहा कि इस तरह का कार्य करना उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि द्वेषपूर्ण राजनीति को बल देने और चुनावों में मिल रही हार से हताश कांग्रेस के नेताओं ने लोकतंत्र के मंदिर को भी नहीं छोड़ा और अपनी साजिश का केंद्र बना दिया। श्री बड़ौली सोमवार को एटलस रोड़ स्थित श्री सागर रेस्टोरेन्ट में जिला प्रेस क्लब सोनीपत के वार्षिक समारोह में शिरकत कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में लोगों ने देखा है कि किस प्रकार से भाजपा पार्टी पर संविधान की किताब को हाथ में लेकर अनेक मंचों से आरोप लगाया कि 400 पार का जो नारा है अगर ये पार्टी जीतकर आई तो संविधान के साथ खिलवाड़ का काम करेगी। ऐसे भ्रामक प्रचार करके झूठ बोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी जब अमेरिका में गये तो उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो एससी बीसी आरक्षण को खत्म करने का काम करेगी या उस पर फिर से विचार करेगी। इस बात का जवाब आज तक ये नहीं दे पाए। सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत की मीडिया का जनता से आशीर्वाद दिलाने में काफी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने समय समय पर सूचना देकर जनता की समस्या को उनतक व प्रशासन तक पहुंचने का काम किया है जिसकी वजह से जनता की समस्याओं का निपटारा करने में उन्हें काफी आसानी रही है। उन्होंने कहा कि जनता से उन्हें काफी स्नेह व प्यार मिला है जिसकी वजह से विकास कार्यों को करने में उन्हें उत्साह व सेवा का मौका मिला है।

खरखौदा के विधायक पवन ने कहा कि उनका मीडिया से सिर्फ एक ही अनुरोध है कि भेदभाव न रखते हुए मीडिया जो भी दिखाए अच्छा दिखाये, सच ही दिखाये ताकि समाज उसे देखकर प्रेरणा ले व आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आत्म मंथन व चिंतन की जरुरत है। पत्रकारों द्वारा दिखाये गए मुद्दों व समस्याओं के कारण हमे भी सही दिशा में कार्य करने में सहयोग मिला है। जिला प्रेस क्लब द्वारा किये जा रहे अंतराजीय बौद्धिक पत्रकारिता पर किये गए कार्यों की उन्होंने सरहाना करते हुए उन्होंने कहा कि अपने शहर में तो आपने अच्छा कार्य किया ही है साथ ही आपने दुसरे राज्यों में जाकर भी विशेष कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने का कार्य किया है।

इस अवसर पर अन्य समाज सेवियों के सी बत्रा, जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे। साथ ही वार्षिक बैठक में पहुंचे अतिथियों का स्वागत भी किया गया। वार्षिक बैठक के दौरान जिला प्रेस क्लब की संरक्षक टीम में कुलदीप सिंह, डॉक्टर दर्शन लाल मल्होत्रा, पवन

# चार स्कूलों में तुलसी पूजन संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**कार्यक्रम**

▶▶ बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर अंबाला शहर के स्कूलों में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**अम्बाला:** श्रीयॉग वेदांत सेवा समिति द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर अंबाला शहर के स्कूलों में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संत श्री आसाराम बापू गुरुकुल आगरा से आए अवनीश भाई ने बच्चों को आने वाली 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले तुलसी पूजन बारे विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने तुलसी सेवन व पूजन से होने वाले अद्भुत फायदा बारे भी विद्यार्थियों से चर्चा की अवनीश भाई ने बच्चों को बताया कि स्कूल आने से पहले व जाने के बाद अपने माता-पिता के चरणों को स्पर्श करना चाहिए साथ ही स्कूल समय के दौरान भी अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। उनका बीते दिन चार स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उनमें प्रथम प्रेम नगर सरकारी स्कूल, हिसार रोड़ स्थित एसवीएस बाल भारती स्कूल, सूर्य हाई स्कूल व रतनगढ़ मिडिल स्कूल शामिल है। इस दौरान आयोजित हुए कार्यक्रमों के बाद बच्चों व उनके अध्यापकों ने भी तुलसी पूजन की बहुत प्रशंसा की तथा सभी ने देव मानव हास्य कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्रीयोग वेदांत सेवा समिति के कोषाध्यक्ष रामेश्वर हरीश ढींगरा सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आए श्रमिम की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका की पत्नी के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव त्रिमुहानी दरभंगा बिहार निवासी ललिता ने बताया कि वह अपने पति शोभाकांत व बच्चे के साथ करीब डेढ़ साल से मुरथल स्थित आरके कॉलोनी में रहती है। उनके पति शोभाकांत पोद्दार मुरथल औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में काम करते थे। उनके पति 13 दिसंबर की रात को फैक्टरी में काम कर कमरे पर आ रहे थे। मुरथल औद्योगिक क्षेत्र के पास उनके पति को किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया थ। जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था। उनके पति के सिर में काफी चोट थी। चाऊमीन की रेहड़ी लगाने वाले उन्हें मामले से अवगत कराया था। वह पीजीआई में पहुंची तो उनके पति को उपचार दिया जा रहा था।

# पंचायत भवन में तंबाखू के दुष्प्रभावों को लेकर प्रतियोगिता आयोजित

**प्रतिभाग**

▶▶ 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया, निबंध लेखन में 57, डिबेट (वाद विवाद) में 10 एवं क्वीज में 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** स्वास्थ्य विभाग अंबाला एवं शिक्षा विभाग अंबाला के संयुक्त प्रयासों से सिविल सर्जन अंबाला की अध्यक्षता में पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में जिले के 25 सरकारी स्कूलों के लिए तंबाकू एवं तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के अंतर्गत एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 214 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए 4 प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, डिबेट (वाद विवाद), क्वीज प्रतियोगिता शामिल है।
जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यकर्म डॉ सुखप्रीत सिंह ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुल 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया, निबंध लेखन में 57, डिबेट (वाद विवाद) में 10 एवं क्वीज में 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान में आने वाले विद्यार्थी को स्टडी टेबल, दूसरे स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को बैडमिंटन सैट एवं प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को साइकिल पुरस्कार में दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीयूटी रवि मीणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को जो जानकारी दी गई है उसकी सराहना की। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्हें भी बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर डा. सुरभी ने तम्बाकू नियंत्रण का प्रभावी संदेश दिया और तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तम्बाकू व नशीले पदार्थों से हमेशा दूर रहना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं शिविरों का आयोजन करके आमजन को जागरूक करने का काम भी किया जाता है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनांक** 6 दिसंबर 2024 को पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विजय पाल नैन, सचिव श्री गौतम नैन, और प्रधानाचार्या श्रीमती हिमानी दहिया नैन ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर किया। उन्होंने कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और खेलों के महत्व पर प्रकाश




डाला। कार्यक्रम की शुरूआत रंगारंग मार्च पास्ट और प्रेरणादायक उद्घोषणाओं के साथ हुई। पूरे दिन विभिन्न रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

**प्रतियोगिताओं के विजेता**

**उल्लास**

▶▶ पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया

1. रस्साकशी: इस लोकप्रिय खेल में जिष्णु हाउस ने विजय प्राप्त की।
2. **कुल विजेता हाउस:** विजया हाउस ने पूरे आयोजन में अपनी श्रेष्ठता साबित कर कुल विजेता का खिताब जीता।
3. 400 मीटर दौड़ (बालिकाएं): कक्षा 11 की सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
4. 400 मीटर दौड़ (बालक): कक्षा 10 के कुणाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय हासिल की।
5. गोला फेंक: कक्षा 10 के पार्थिक ने अपनी कुशलता से यह प्रतियोगिता जीती।
6. रस्सी कूद (बालक): कक्षा 6 के देव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# मोहाना गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**जनहित** अभियान फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के द्वारा गांव मोहाना गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला अध्यक्ष सुरेश वत्स ने सभी को संस्था को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की।फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस अवसर पर जिला पार्षद राजेश मलिक कुकु,मीनू फौजी, बिन्दर महला,साहिल महला,कोकून



गुहणा पहलवान,राहुल महला,अंकित महला,सोमवीर मलिक,अंकित मलिक,उपस्थित रहे।

## चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने घर से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मिथुन निवासी बिहार हाल में सेक्टर-15 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-15 निवासी योगेश ने गत 19 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गत आठ दिसंबर को अपने घर पर ताला लगाकर कर अपने गांव चला गया था। उसके बाद 17 दिसंबर को वापिस लौटा। उसका घर का ताला टूटा हुआ पाया गया।

# साहिबजादों ने देश के प्रति मर मिटने की प्रेरणा दी: कविता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा है कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहब जादौ ने लालच एवं मुगलों के डर से धर्म परिवर्तन करने की बजाय अपने प्राणों का बलिदान देकर युवाओं को देश के प्रति मर मिटने की प्रेरणा दी, इसलिए 26 दिसंबर को हुई उनकी शहादत को वीर बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है।

कविता जैन ने गन्नौर एवं राई विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की इसलिए सभी कार्यकर्ता गुरुद्वारों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो तथा स्कूलों में भी




कार्यक्रम आयोजित करवायें। उन्होंने कहा कि आज लोग लालच वस धर्म परिवर्तन कर रहे हैं जबकि जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह ने धर्म परिवर्तन की बजाए दीवार में जिंदा चुने जाने का विकल्प चुना।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती हर बूथ पर सुशासन दिवस के रूप में मना कर उनके राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के बारे में प्रकाश डालने की अपील की। कविता जैन ने कार्यकर्ताओं से संघटनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में सभी को सक्रिय कार्यकर्ता बनने के लिए भी प्रेरित किया। बैठकों में पूर्व मंत्री एवं विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी से पार्टी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

**भावना**

▶▶ वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की इसलिए सभी कार्यकर्ता गुरुद्वारों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो

बैठकों में निशांत छोकर, मनिंदर सन्नी, विकास त्यागी, संजय गौतम, नीरज नांदल, माई राम कौशिक, विनोद बैरागी, वेदपाल शास्त्री, अशोक कौशिक, अशोक भारद्वाज, अरुण चौहान, मुकेश बसोदि, शेखर खेवरा आदि उपस्थित रहे।

# एचएसजीपी कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर उपायुक्त पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता में सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने इन चुनावों को लेकर सम्बधिंत अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी तक पात्र व्यक्ति अपनी वोट बनवा सकता हैं। उन्होंने उपमंडल के चारों सबडिवीजन में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव को लेकर किए जा रहें कार्यो के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि इन चुनावों को सही प्रकार से एवं शान्तिपूर्ण तरीके से करवाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना कार्य तत्परता एवं सजगता के साथ



करें।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि आयुक्त गुरुद्वारा चुनाव, न्यायमूर्ति एचएस भल्ला द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रदेश भर में बने सभी 40 वार्डों के प्रथम आम चुनाव के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है।
उपायुक्त ने बताया कि आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को होंगे। नामांकन आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना का प्रकाशन बुधवार, 18 दिसंबर 2024 को कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर से नामांकन पत्र भरे जाने का कार्य शुरू हो चुका है जोकि 28 दिसंबर 2024 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच और छटंनी की जाएगी। इसी प्रकार रिटर्निंग अधिकारी के आदेश में

**समीक्षा की**

▶▶ उपमंडल के चारों सबडिवीजन में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव को लेकर किए जा रहें कार्यो के बारे में समीक्षा की

संशोधन के लिए डीसी को आवेदन दायर करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 की है। डीसी द्वारा संशोधन आवेदन पर निर्णय 01 जनवरी 2025 को लिया जाएगा। वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 01 जनवरी 2025 को किया जाएगा। कोई भी उम्मीदवार 02 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं और फिर उसी दिन चुनाव चिह्न दोपहर 03 बजे के बाद आवंटित किए जाएंगे। अगर आवश्यक हुआ तो 19 जनवरी 2025 को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक करवाए जाएंगे। मतदान पूरा होने के तुरंत बाद बूथ पर ही मतगणना करवा दी जाएगी। डीसी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को नामांकन की अंतिम तिथि से पहले निर्वाचन अधिकारी के पास पांच हजार रुपये का शुल्क जमा करना होगा। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ब्रह्मजीत सिंह, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच, नगराधीश पूजा कुमारी, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, मार्किट कमेटी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सर्तकता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय मे अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति; अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सर्तकता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए एससी व एसटी एक्ट के केसों में जो कार्रवाई की जा रही है उसकी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिए कि एससी व एसटी केसों को आपसी सामंजस्य के साथ निपटाएं व पीड़ित परिवार को न्याय व आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएं। उपायुक्त ने जिला स्तरीय सर्तकता



एवं निगरानी त्रैमासिक बैठक मे रखे गए एससी-एसटी एक्ट के केसों में बिंदुवार विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी से जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसा कोई केस लम्बित तो नही है जिसमे पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का लाभ न मिला हो। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समयबद्ध व आपसी तालमेल के साथ कार्य करे और यदि किसी पीडित परिवार को आर्थिक सहायता का लाभ नहीं मिला है तो उसे दिलवाना सुनिश्चित करे।

# प्रशासन के 2 घंटे आम जन की समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्तः अतिरिक्त उपायुक्त

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** प्रदेश के मुख्यमत्री नायब सिंह की अनुठी पहल है जनता समाधान शिविर। इसमें जिले के लोगों की समस्याओं का प्रशासन गंभीरता से सुनवाई करके समाधान निकालता है। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी दो घंटे पूरी तरह आम जन की समस्याओं की सुनावाई को देते हैं व उनका समाधान निकालते हैं। मंगलवार को जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे समाधान शिविर में समस्याएं लेकर पहुंच रहे प्रार्थियों की समस्याओं की जांच करें व उनका तत्काल निदान तलाशे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि



जनता समाधान शिविर में वहीं लोग पहुंच रहे है जिनकी प्रशासन से गहरी उम्मीद बंधी है कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा। उनकी इस उम्मीद को हम सबने कायम रखना है व निश्चित समय सीमा में उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जो समस्याएं शिकायतकर्ता द्वारा समाधान शिविर में दी जा रही है उन पर समीक्षा भी की जा रही है। अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि उनके विभाग की कोई भी समस्या बगैर निस्तारण के न रहे। उन्होंने पैंशन विभाग, क्रीड विभाग से संबंधित समस्याओं पर निस्तारण को लेकर बल दिया।

**दिशा-निर्देश**

**समाधान शिविर में समस्याएं लेकर पहुंच रहे प्रार्थियों की समस्याओं की जांच करें व उनका तत्काल निदान तलाशे**

शिकायतकर्ता रेनु पाल वासी संजय चौंक ने प्रशासन से उनके राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए प्रार्थना की। अतिरिक्त उपायुक्त ने डीएफएससी नीतू को मामले पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता रेखा आर्य वासी वार्ड 17 ने प्रशासन से राशन कार्ड बनवाने की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त ने उपरोक्त विभाग को प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी संजय कुमार वासी पटेल नगर ने प्रशासन से हाऊस टैक्स में नाम व पता ठीक करवाने की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त ने सीएमसी को उपरोक्त समस्या को लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता ज्योति वासी पटेल नगर ने प्रशासन से बिजली बिल कम करवाने की प्रार्थना की। अतिरिक्त उपायुक्त ने यूएचवीबीएन के एसई को इस पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। प्रार्थी काला वासी संजय कॉलोनी ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह बोलने में असमर्थ है व प्रशासन की तरफ से उसे सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा।

# विद्यालय में मनाया गया विशेष दिवसः मैरी क्रिसमस, तुलसी पूजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
मंगलवार को चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मैरी क्रिसमस, तुलसी पूजन दिवस और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न की गई । कार्यक्रम की शुरूआत तुलसी माता के पूजन से हुई। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से तुलसी की महिमा का गुणगान किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि तुलसी का पौधा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इसका औषधीय महत्व भी बहुत अधिक है। इसके बाद कक्षा यूकेजी के बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया




और क्रिसमस कैरोल गाकर वातावरण को खुशनुमा बना दिया। छात्रों ने यीशु के संदेशों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी दी। अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं और जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को छात्रों ने प्रस्तुत किया। डॉ श्वेता ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को अपनाने की शपथ दिलाई।। साथ ही इंटर हाउस ' नृत्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के सभी सदनों से 16-16 बच्चे शरीक हुए । सभी सदनों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई । इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंच संचालन लक्षिका व कृतिका के द्वारा किया गया । परिणाम इस प्रकार रहा प्रथम स्थान लोटस,द्वितीय स्थान डेजी व तृतीय स्थान सनफ्लावर हाउस ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अटल के जीवन से हमें सीख मिलती है कि दृढ़- निश्चय और मेहनत से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### सर्दियों में गर्भावस्था के दौरान विटामिन डी, शिशु के स्वास्थ्य और वृद्धि के लिए है बेहद महत्वपूर्ण

**पानीपत ( कमाल हुसैन )**



**विटामिन डी** गर्भावस्था के दौरान एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो न केवल आपके शिशु के विकास के लिए बल्कि आपकी खुद की सेहत के लिए भी अहम भूमिका निभाता है। सर्दियों में यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि दिनों की लंबाई कम हो जाती है, धूप का समय घट जाता है, और ठंड के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए विटामिन डी अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बच्चे की हड्डियों के निर्माण और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में सहायक होता है। विटामिन डी शिशु की हड्डियों और दांतों के स्वस्थ विकास के लिए कैल्शियम और फॉस्फोरस को सही तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है। यह मां और शिशु दोनों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर उन्हें संक्रमण से बचाता है। इसके अलावा, विटामिन डी गर्भावस्था के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज, प्रीक्लेम्प्सिया और समय से पहले प्रसव जैसी जटिलताओं को रोकने में मदद करता है। उचित विटामिन डी स्तर स्वस्थ जन्म वजन सुनिश्चित करने और कम वजन के जोखिम को कम करने में योगदान देता है। अगर धूप और भोजन से पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिल पा रहा है, तो डॉक्टर से परामर्श कर सप्लीमेंट्स लेने की सलाह लें। स्वयं दवा न लें और डॉक्टर की राय जरूर लें। इसके अलावा, हल्के व्यायाम, योगा और प्राकृतिक रोशनी वाले स्थानों में सक्रिय रहने से भी विटामिन डी स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है। डॉ दीपिका ने आगे बताया कि ह्लभारतीय माताओं के लिए सर्दियों का धूप महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। सुबह देर से या दोपहर के समय धूप में बैठने, विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे गढ़वाले दूध या हल्की मात्रा में घी लेने और पोषक तत्वों से भरपूर पारंपरिक सर्दी के सूप या दाल का सेवन करने से विटामिन डी स्तर बनाए रखना संभव है। गर्भावस्था के दौरान विटामिन डी का पर्याप्त मात्रा में होना सर्दियों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह संतुलित आहार, धूप के उचित संपर्क और निरंतर निगरानी के माध्यम से संभव है। अपने डॉक्टर से सलाह लें और एक स्वस्थ गर्भावस्था के लिए सक्रिय उपाय अपनाएं।

एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा बाल श्रम की शिकायत मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट द्वारा चलाया अभियान।

### बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश कर बाल देखभाल गृह भेजा गया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



पानीपत के सेक्टर 11 में दुकान पर काम कर रहे 2 बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से रेसकयू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी 2 बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि कैलाश सत्यार्थी सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वावधान में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे बचपन बचाओ आंदोलन के तहत आज पानीपत में बाल श्रम के खिलाफ रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से एएसआई सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। बाल श्रम से जुड़े अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 370-374 में सजा का प्रावधान है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक, 14 साल से कम उम्र के बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम नहीं कराया जा सकता। अगर कोई व्यक्ति 14 साल से कम उम्र या 14 से 18 साल के बीच के बच्चे को किसी खतरनाक काम में लगाता है, तो उसे एक से छह महीने की जेल हो सकती है या 20,000 से 50,000 रुपये का जुमार्ना हो सकता है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है। अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

# जन भागीदारी को लेकर टीबी फोरम की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम में जन भागीदारी को बढाने को लेकर जिला टीबी फोरम की बैठक उपायुक्त पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित हुई। इस बैठक का उद्देश्य 100 दिनों के निक्षय शिविर अभियान को मजबूत करना, टीबी रोगियों की पहचान करना तथा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम मे जनभागीदारी को बढाना है।
बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग शामिल थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 100 दिनों के निक्षय शिविर अभियान के महत्व पर जोर दिया




और कहा कि यह अभियान टीबी रोगियों की पहचान करने और उन्हें उचित उपचार प्रदान करने में मदद करेगा।
इसके अलावा, बैठक में निक्षय मित्र योजना के बारे में भी चर्चा की गई, जिसके तहत टीबी रोगियों को गोद लेने और उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उपायुक्त ने खुद एक टीबी रोगी को गोद लिया और निक्षय मित्र बने। इसके साथ जिले के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि निक्षय शिविर अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और इसकी समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने कहा हमें टीबी रोगियों की पहचान करने और उन्हें उचित उपचार प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना होगा। हमें निक्षय मित्र योजना को भी बढ़ावा देना होगा ताकि टीबी रोगियों को समर्थन प्रदान किया जा सके।
इस अवसर पर जिला टीबी ऑफिसर डॉ0 सीमा ने बताया कि सिविल सर्जन अम्बाला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में जन भागीदारी को बढाने को लेकर विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं।

**जनभागीदारी**

**टीबी रोगियों की पहचान करना तथा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम मे जनभागीदारी को बढाना है।**

# पत्नी ने जेठानी व पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गावं पलड़ी में महिला से मारपीट करने व उसका बच्चा छीनने सहित धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पलड़ी निवासी गुड्डी ने बताया कि उसकी शादी विनोद के साथ हो रखी है। उसका पति अपनी भाभी के कहने पर उसके साथ मारपीट करता है। उसकी भाभी ने उसके पति को गत 22 दिसंबर को उकसाया। उसके बाद उसने मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे लात, थप्पड़ व रोटी बेलने वाले बेलन से हमला कर घायल कर दिया। उसके बच्चे को उससे छीन लिया। वह जान बचाकर निकलने लगी तो उसकी जेठानी ने उसे पकड़ लिया। फिर से उसके साथ पति ने मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। घायल अवस्था में उपचार के लिए वह अस्पताल में पहुंची। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नौ घंटे ब्रेक डाउन होने के बाद चला पेराई सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में बॉयलर की ट्यूब लीक होने के चलते पेराई सत्र को रोकना पड़ा। बॉयलर को ठंडा होने तक कर्मचारियों को इंतजार करना पड़ा। करीब नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बॉयलर की लीक टयूब की लीकेज को ठीक किया। उसके बाद पेराई सत्र को फिर से चलाया गया। पेराई सत्र पटरी पर लौटने के बाद मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों ने राहत की सांस ली। बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र वर्ष 2024-25 की प्रदेश सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा बटन दबाकर गत 25 नवंबर को की थी। जिसके बाद पेराई सत्र को अगले दिन शुरू किया गया था, लेकिन कारखाने में बॉयलर में आई कमी के चलते मिल प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिसके बाद कमी को दूर कर पेराई सत्र को पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा था। पांच दिन बाद ही यार्ड में गन्ने की कमी खलने लगी है। उसके बाद पेराई सत्र को रोकने पर मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद रविवार को कारखाने में बॉयलर की ट्यूब लीक हो गई। जिसके चलते पेराई सत्र की रफ्तार धीमी करनी पड़ी।

# चाकू के नोक पर अपहरण कर खंडहर ले जाकर युवक को पीटकर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के ककरोई रोड पर युवक को चाकू नोक पर बंधक बनाकर एक सरकारी इमारत के खंडहर में ले जाकर पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने उसे जमीन पर लेटा कर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीटा। किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर भागने में सफल रहा। उसके बाद परिजनों को अवगत करवाया। परिजनों ने अस्पताल में उसका उपचार करवाया। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितो को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव ककरोई निवासी पारस ने बताया कि भटगांव के रहने वाले लक्ष्य ने उसे फोन कर मिलने के लिए बुलाया था। जब वह सरकारी स्कूल के पास गया तो वहां लक्ष्य ककरोई के रहने वाले शुभम और दो अन्य युवकों के साथ मौजूद मिला। उसने वहां जाकर अपनी बाइक रोकी तो शुभम ने उसकी गर्दन दबा ली। इसी दौरान लक्ष्य ने पत्थर से उसके चेहरे पर वार कर दिया। लक्ष्य ने चाकू निकाल कर उसकी गर्दन पर रख लिया। आरोपित उसे डरा-धमका कर अपनी बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद आरोपित उसे ककरोई रोड पर बनी एक सरकारी इमारत के खंडहर में ले गए। वहां आरोपितों ने उसे जमीन पर लेटा कर दबोच लिया।

**अधमरा**

**पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने उसे जमीन पर लेटा कर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीटा**

# किसान के खेत से मोटर चोरी

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव लुहारी डिब्बा में किसान के खेत से सोलर पंप की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव लुहारी डिब्बा निवासी श्री भगवान ने बताया कि वह खेता बाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में सोलर पंप लगा रखा है। गत 17 दिसंबर को तीन से पांच बजे के बीच में किसी ने तीन एचपी की मोटर चोरी कर ली। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# बेसहारा पशुओं के गले मे लगाया रिफ्लेक्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने धुंध और कोहरे को देखते हुए बेसहारा पशुओं के गले में रिफलैक्टर टेप लगाकर एक अभियान की शुरूआत की हैं। जिसका उद्देश्य बेसहारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना हैं। यह मुहिम उपायुक्त द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि धुंध व कोहरे के मौसम में सडक पर एवं सार्वजनिक स्थानों पर अचानक पशु आ जाते है जिसके चलते सडक दुर्घटना होने का आंदेशा रहता हैं। ऐसी सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफलैक्टर टेप लगाने की मुहिम



शुरू की हैं, जिसमें सभी लोगों का सहयोग आवश्यक हैं। उन्होंनें कहा कि हालाकि बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया गया है लेकिन फिर भी कुछ बेसहारा पशु सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करते है और दुर्घटनाओं का कारण बनते है। खासकर सर्दी के समय में रात के समय जब धुंध व कोहरा पड़ता है तो बेसहारा पशु दिखाई नहीं देते, जब बेसहारा पशुओं के गले में रिफलैक्टर टेप लगी होगी तो वह दूर से दिखाई देगी और सडक दुर्घटना नहीं हो पाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के लोगों व संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में वाहनों पर जैसे ट्रैक्टर, बुग्गी-रेहड़ा, रेहड़ी व बेसहारा पशुओं पर रिफलैक्टर टेप लगाए जिससे की सडक दुर्घटनाएं न हो।

उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि डेयरी वाले अपने पशुओं का दूध निकालने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं, जिसके चलते पशु सडकों पर दुर्घटनाओं के कारण बनते हैं।

**अभियान**

**बेसहारा पशुओं के गले में रिफलैक्टर टेप लगाकर एक अभियान की शुरूआत की**

# युवक को गोली मारने के दोषी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः गन्नौर** थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपित को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

गांव मोहाना निवासी गुलाब सिंह ने 26 अगस्त 2020 को पुलिस शिकायत देकर बताया था कि उसका बेटा नितिक इंवेटर की दुकान पर रिपेयरिंग का काम करता था। उसे सूचना मिली कि नितिक दुकान पर बैठा था। उसके लड़के को गोली लग गई है। उसे लेकर मुरथल रोड स्थित अस्पताल में जा रहे है। वह अस्पताल में पहुंचा। जहां उसे पता चला कि उसके बेटे की गोली लगने से मौत हो चुकी है। उसे जानकारी मिली कि हरीश ने नीरज के बैग से पिस्तौल निकालकर उसके बेटे की छाती पर लगाकर गोली मार दी। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित हरिश को धारा-302 में दोषी मानते हुए उम्रकैद की सुनाई है।

# हरियाणा रोडवेज के चालक-परिचालक को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 बने भिगान टोल प्लाजा में हरियाणा रोडवेज विभाग में तैनात चालक व परिचालक से मारपीट कर घायल करने, सोने की चेन झपटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बस चालक चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बडेसरा भिवानी निवासी विजयपाल ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज विभाग में बतौर चालक के पद पर कार्यरत है। गत 16 दिसंबर को वह अपनी ड्यूटी पर चंडीगढ़ से जयपुर जा रहा था। वह मुरथल भिगान टोल प्लाजा पर गाड़ी लेकर पहुंचा। उसी दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी बस के आगे लाइन नंबर-3 में आकर रूकी। कार से उतर आए युवक उसके साथ मारपीट करने लगे। एक आदमी के हाथ में पिस्तौल भी थी। उसकी वर्दी फाड़ दी। उसके गले से सोने की चेन व बाबा श्याम का लॉकेट भी झपट लिया।

वहीं उसकी जेब में करीब 5300 रुपयों की राशि थी। हमलावर उसे भी ले गए। बीच-बचाव करने आए परिचालक से अभद्रता करना शुरू कर दिया। उसके पास से रुपये छीनने का प्रयास किया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**मामला**

**परिचालक से अभद्रता करना शुरू कर दिया। उसके पास से रुपये छीनने का प्रयास किया**

# नशा तस्करों की पुलिस को दे सूचनाः एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अम्बाला में नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को नशे की तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। उन्होंने बतलाया कि नशा युवा वर्ग को दीमक की तरह खा जाता है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि वह नशे की तरफ ना जाकर अपनी ऊर्जा का उपयोग खेलों/अच्छे कार्यो व शिक्षा के लिए करें ताकि परिवार, समाज व देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। पुलिस अधीक्षक, अम्बाला ने नागरिकों से अपील करते हुए का कि नशा तस्करों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने के लिए पुलिस का सहयोग करें। यदि आपको नशे की तस्करी करने वाले व्यक्ति बारे पता लगे तो उसकी सूचना तुरन्त हैल्प लाईन नम्बर 97299-90117/नजदीकी पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और पुलिस विभाग की तरफ से उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

# चंदन स्कूल में धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन-क्रिसमस का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**चंदन** बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में मंगलवार को विद्यालय की कक्षा यूकेजी, तीसरी, छठी तथा आठवीं की प्रस्तुति के माध्यम से तुलसी पूजन व क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया। प्रार्थना सभा के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल अध्यक्ष ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित कर कार्यक्रम के माध्यम से अपने देश के त्योहार व संस्कृतियों से रूबरू कराया। सबसे पहले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित्रा




देवी ने दीप प्रज्वलित कर तुलसी पूजन तथा मां सरस्वती की आराधना की। सर्वप्रथम कक्षा छठी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुति दी गई। कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों ने वेलकम डांस करके कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके बाद स्कूल प्रधानाचार्या पारुल जैन ने सभी उपस्थित अभिभावकों को तुलसी पूजन तथा क्रिसमस की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। इन सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा प्रस्तुति में अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# बुराड़ी : कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी को क्षेत्र की जनता का मिल रहा है भरपूर समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगेश त्यागी को बुराड़ी की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर स्थित राधा विहार में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के बहुताय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के भी सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।





**मंगेश का किया स्वागत:** इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने मंगेश त्यागी को समर्थन देते हुए उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने त्यागी के सामने अपनी-अपनी समस्याएं भी रखी और कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने उन लोगों के साथ राजनीति का गंदा खेल खेला है व हम सभी क्षेत्र के लोगों को वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं समझा है। लोगों ने मंगेश के सामने रखी समस्याएं: इसके साथ ही लोगों ने कहा कि इस बार हम सभी क्षेत्र वाले मिलकर विधायक संजीव झा का सामुहिक बाहिष्कार करेंगे। इस मौके पर मंगेश त्यागी ने कहा कि इस बार क्षेत्र के लोगों ने मुझपर भरोसा दिखाते हुए जीत दिलवाते है तो मेरी प्राथमिकता यही रहेगी की क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करते हुए विकास पर ध्यान दिया जाएगा।

**विकास पर दूंगा ध्यान:** त्यागी ने कहा कि लोगों के घरों में जो बिना पानी दिए बिल दिये जा रहे है उससे मुक्ति मिलेगी, लोगों को पानी नियमित रूप से मिलने लगेगा। टूटी-फूटी सड़कों को बनवाया जाएगा, इलाके में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है जिससे मार्किट के दुकानदारों व आने जाने लोगों को परेशानियां होती है। उसको भी दूर किया जाएगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक** कमेटी के अधीन चलने वाले 13 गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के छात्रों और स्टाफ ने आज माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादों को एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इस बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार के मुखी सरदार जसप्रीत सिंह कर्मसर ने बताया कि यह कार्यक्रम सभी स्कूलों में सुबह 11:00 बजे एक साथ आयोजित किया गया। जिसकी जिम्मेदारी कमेटी के सदस्य सरदार परविंदर सिंह लक्की को दी गई थी। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों के छात्रों और स्टाफ ने एक साथ 'वाटा लम्मियां ते रस्ता पहाड़ दा' गीत गाया। उनका कहना था कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को साहिबजादों की शहादत के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराना।

## रेखा फाउंडेशन द्वारा दिल्ली कमेटी के सहयोग से चार कॉलेजों के साथ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से रेखा फाउंडेशन ने दिल्ली विश्वविद्यालय के चार कॉलेजों जिनमें श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री गुरु नानक देव कॉलेज और माता सुंदरी कॉलेज फॉर वूमन के साथ कमेटी दफ्तर रकाबगंज साहिब में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रेखा फाउंडेशन फॉर हैपिनेस, जो 2016 से सतिंदर सिंह रेखी और उनकी पत्नी हरप्रीत रेखी द्वारा चलाया जा रहा एक एनजीओ है। इन समझौतों के तहत कॉलेजों में 'रेखा सीओई फॉर द साइंस ऑफ हैपिनेस' स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन संस्थानों में 'साइंस ऑफ हैपिनेस' के बारे में छात्रों के लिए कोर्स चलाए जाएंगे। फाउंडेशन कॉलेजों के साथ इस कोर्स कार्यक्रम को साझा करेगा और यह कोर्स अगले सेमेस्टर से शुरू होंगे। कॉलेजों के प्रिंसिपल्स ने सहमति जताई कि खुशी या हैपिनेस आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है, और इसे समझना तथा लागू करना छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर रेखा फाउंडेशन की ओर से डॉ. एस एस रेखी, डॉ. रिया विनायक और डॉ. पूजा साहनी उपस्थित थे, जबकि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, प्रभलीन सिंह मौजूद रहे।



## रिटायर्ड डाक कर्मियों का नववर्ष पूर्व मिलन समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वजीरपुर** इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित 'क्ले वन ग्रैंड वेंकट हॉल' में डाक विभाग के सैंकडों रिटायर्ड कर्मियों ने परिवार सहित नव वर्ष 2025 के आगमन से पूर्व स्वागत में 'मंगल मिलन समारोह' का आयोजन किया। इसमें ज्यादातर 80 वर्ष से भी अधिक आयु पूरी कर चुके सुपर सीनियर सिटीजन पेंशनर थे, जिनमें केके शर्मा, लक्ष्मी चंद शर्मा, जयराम शर्मा, सतपाल शर्मा, एनएल शर्मा, जीडी गुप्ता तथा बी डी एल श्रीवास्तव प्रमुख थे। इस कार्यक्रम के सूत्रधार थे रूपचंद और दमनेश कुमार। रूपचंद ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि रिटायरमेंट के बाद सभी को अपने जिंदगी को जीवंत मानकर समाज के हर काम में सक्रिय हिस्सेदारी करते रहना चाहिए। यही हमारे जीवन का स्वर्ण काल है। इस अनोखे कार्यक्रम में मेरठ, गाजियाबाद तथा अन्य प्रांतो से भी प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कर हिस्सेदारी की। डाक प्रशिक्षण केंद्र सहारनपुर के पूर्व निदेशक वी के सिंह ने सभी को सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। डाक विभाग में पोस्ट मास्टर के पद से 3 वर्ष पूर्व रिटायर्ड वरिष्ठ कवि विनोद पाराशर, बहुभाषी कवि सुभाष चंद्र उर्फ भाषी मुल्तानी की हास्य कविताओं की प्रस्तुति ने खूब ठहाके लगवाए तो दूसरी ओर कवि एके चावला ने महाभारत के संदर्भ में काव्य पाठ कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

कुछ लोगों ने इस उम्र में भी नृत्य एवं गायन का लुत्फ उठाया। अंत में के.सी.भारद्वाज ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने का आश्वासन देकर समापन की घोषणा की ।



## संसद सुरक्षा में चूक के आरोपित मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली। दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक के आरोपित मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रथम द्दष्टया आरोपित के खिलाफ लगे आरोप सही प्रतीत होते हैं। कोर्ट ने 21 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने 22 नवंबर को इस मामले के आरोपित महेश कुमावत की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 11 सितंबर को इस मामले की आरोपित नीलम आजाद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि आरोपित संसद भवन को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करना चाहते थे। चार्जशीट में कहा गया है कि संसद पर हमले के लिए आरोपित दो साल से योजना बना रहे थे। करीब एक हजार पेजों की चार्जशीट में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि आरोपित एक-दूसरे से सोशल मीडिया पर मिले थे। आरोपितों ने मैसूर, गुरुग्राम और दिल्ली में कुल पांच बैठकें की थी। उनकी पहली मुलाकात फरवरी 2022 में मैसूर में हुई थी। दिल्ली पुलिस की इस चार्जशीट पर कोर्ट ने 03 अगस्त को संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा मामले में 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने 7 जून को पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

## निगम पार्षद अजीत यादव ने किया कार्यों का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के भलस्वा** वार्ड में निगम पार्षद अजीत यादव ने विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा के बी ब्लॉक गली नंबर 100 से 900 तक की सभी गली में हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया और इस मौके पर उनके साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने बताया कि पार्षद अजीत यादव वादे के पक्के है, जो वादे पार्षद ने हम सभी से किये थे, वह पूरे करके दिखा रहे है।

## 11 सालों में पिछड़ी दिल्ली, बुराड़ी को विधायक ने बनाया कूड़ादान: रेखा सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पिछलें 11 सालों** से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार काबिज़ है और ग्यारह सालों में देश की राजधानी दिल्ली अन्य प्रदेशों के मुकाबले पिछड़कर सालों पीछे चली गई है। आम आदमी पार्टी विकास सहित अन्य मामलों में फेल साबित हुई है। उक्त सभी बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ोदा वार्ड से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद रेखा सिंहा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



**क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता:** वार्तालाप के दौरान रेखा सिंहा ने कहा कि अगर पार्टी ने इस बार मुझे मौका दिया तो मेरी प्रथम प्राथमिकता मेरे क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने की होगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो जो बुराड़ी की सड़कों का हाल है उसमें सुधार करते हुए सबसे पहले सड़के बनवाई जाएगी।

उसके बाद लोगों को सबसे ज्यादा पीने के पानी की परेशानी हो रही है, क्षेत्र के लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है और जहां पर पानी आ भी रहा है तो उससे हाथ धोना भी खतरनाक है पीना तो दूर की बात होगी।

**मुफ्त की रेवडियां बांटने में लगे केजरीवाल एंड पार्टी:** रेखा ने कहा कि पिछले ग्यारह सालों में आप विधायक संजीव झा ने क्षेत्र को नर्क से भी बदत्तर बनाकर रख दिया है, विधायक संजीव झा पूरे पांच साल तक क्षेत्र से गायब रहें और अब चुनाव आ गया है तो मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में लगे हुए है। उन्होंने आगे बताया कि चुनाव नजदीक आते ही केजरीवाल को महिला का सम्मान दिख रहा है जो 2100 रूपए देने का झांसा देने लगे है, पहले तो केजरीवाल यह बताएं की पंजाब में भी उन्होंने यही कहा था कि पंजाब में अगर उनकी सरकार बनी तो प्रत्येक महिलाओं को 1000 रूपऐं दिए जाएंगे, कितनी महिलाओं को एक हजार रूपए दिए गए है, केजरीवाल यह स्पष्ट करें।

## हिन्दी भवन: साहित्यकार प्रोफेसर रमेश सिद्धार्थ भारतेंदु हरिश्चंद्र शीर्षस्थ सम्मान-2024 से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के हिंदी भवन** में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच का 11वाँ वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार शैलेन्द्र कपिल की अध्यक्षता रही। मुख्य अतिथि ,"मुक्तक लोक" के संस्थापक प्रो.विश्वंभर शुक्ल रहे। अति विशिष्ट अतिथि, गजलकार ओमप्रकाश यती, टू मीडिया के संस्थापक ओमप्रकाश प्रजापति, पर्पल पेन की संस्थापिका सुधा कनुप्रिया, बुलंदी साहित्यिक संस्था के संस्थापक विवेक बदल बाजपुरी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और शारदा मदरा (स्वयं) द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया और मिलन सिंह 'मधुर' द्वारा मधुर स्वर में मंच का शीर्षक गीत प्रस्तुत किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में मंच द्वारा छः शीर्षस्थ सम्मान दिए गए। जिसमें शाल, स्मृति चिह्न एवं नगद राशि भी दी गई।



मंच का प्रतिष्ठित 'भारतेंदु हरिश्चंद्र शीर्षस्थ सम्मान' 11000/-रुपए की पुरस्कार राशि रेवाड़ी, हरियाणा निवासी ख्याति प्राप्त साहित्यकार प्रो. रमेश सिद्धार्थ को तथा डी.पी.चतुर्वेदी स्मृति लाइफ टाईम अचीवमेंट सम्मान विजय प्रशांत नोएडा, उत्तर प्रदेश , अमीर खुसरो युवा सम्मान दोहाकार मनोज कामदेव, गाजियाबाद, (उ.प्र.), मुंशी प्रेमचंद कथा सम्मान राजेश सिंह, लखनऊ उत्तर प्रदेश, कमलेश प्रशांत स्मृति डॉ.किरण मिश्रा साहिबाबाद, डॉ पुष्पा जोशी (नोएडा) बी.एन.झा एवं आकाश झा स्मृति सम्मान, ओम प्रकाश शुक्ला को मेजर वीरेन्द्र सिंह यादव स्मृति सम्मान के साथ सम्मानित कर मंच गौरवान्वित हुआ।

## वसंत विहार इलाके में बच्ची की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली। वसंत विहार** इलाके में आठ साल की बच्ची की गला घोटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने शिवम नामक एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश कर रहा था। बच्ची के चिल्लाने पर उसने गला घोटकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक आठ साल की बच्ची परिवार के साथ शंकर विहार आर्मी एरिया में रहतीथी। वह केन्द्रीय विद्यालय में दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। माता पिता आर्मी अधिकारी के यहां साफ सफाई का काम करते हैं।

# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने मार्च निकालकर सौंपा डीएम को ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाबा साहेब पर** की गई अपमान जनक टिप्पणी जहां भाजपा बैकफुट पर है, वहीं विपक्षी दलों में कांग्रेस इस मुद्दे पर सबसे ज्यादा मुखर है। कांग्रेस रोजाना अलग-अलग तरह से इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर अपना रोष दर्ज करा रही है। इसी के चलते जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में भी जबरदस्त मार्च निकाल कर नॉर्थ ईस्ट डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मार्च में हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा को निशाने पर लेते हुए आदेश भारद्वाज ने कहा कि धर्म-जाति, अल्पसंख्यकों वंचितों और दलितों के खिलाफ नफरती एजेंडे की राजनीति करते करते भाजपा का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि आज वह बाबा साहेब जैसे महान विभूति के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने से भी बाज नहीं आ रही है। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसा नहीं होने देगी। क्योंकि बाबा साहेब के योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेस अपनी विपरीत विचारधारा के बावजूद भी बाबा साहेब को संविधान बनाने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा क्योंकि कांग्रेसजन जानते थे कि बाबा साहब एक विद्वान और विचारशील व्यक्तित्व हैं और आज देश का एक बहुत बड़ा वर्ग है जो बाबा साहेब खाने सब कुछ मानता है। इसलिए गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई बाबा साहेब पर टिप्पणी देश के उस वर्ग का न सिर्फ अपमान है बल्कि यह भी दिखाता है कि भाजपा को दलितों और पिछड़ों की कितनी फिक्र है। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा मेरे भाजपाई मित्र यह बताएं कि गत वर्ष मध्यप्रदेश में एक दलित व्यक्ति पर पेशाब करने वाले भाजपा नेता पर उनकी पार्टी या सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की।





भाजपा राज में हाथरस कांड में पीड़ित परिवार की हालात आज क्या है यह बताने की जरूरत नहीं है। यूपी बिहार जैसे राज्यों से आज भी ऐसी खबरें आती है कि दबंगों ने दलित दूल्हे को घोड़ी नहीं चढ़ने दिया। और उनमें ज्यादातर भाजपा और उनके नेताओं की इन्वॉल्वमेंट पाई जाती रही है। इस मौके पर डॉ एस पी सिंह पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद सिंह, पूर्व चेयरमैन केके सी ईश्वर बागड़ी पूर्व चेयरमैन, प्रमोद जयंत, डॉ शिव कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राम बिलाश शर्मा, आशीष कुमार पूर्व निगम प्रत्याशी, राकेश ठाकुर एडवोकेट, सतबीर सिंह, डॉ अकरम, शैलेंद्र चौधरी, अशोक दूबे, संजय भारद्वाज, फकीर चंद, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज डॉ वी आर चौधरी, पी एस रावत, रसीउद्दीन प्रधान साहिद भाई राज ठाकुर, आर पी गायक बलजीत शर्मा, महेंद्र सिंह रावत, बीर सिंह, मनोज कुमार, मंजू सिंह एडवोकेट माहौर, सविता चौधरी, विद्यार्थी जी, मीतलेश माथुर, देवेंद्र कुमार,रेखा रानी, ऋषभ कुमार, एडवोकेट हेमलता माहौर, विनोद कुमार, सुनील कुमार, चंदन चौबे कालीचरण, चेयरमैन रमेश गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।




# गृहमंत्री की कथित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया पैदल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः गृहमंत्री अमित** शाह की कथित टिप्पणी को लेकर विरोधी लगातार हंगामा कर रहे हैं। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की डीग गेट प्रतिमा पर माल्यार्पण कर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एड. के नेतृत्व में कार्यकर्ता डीग गेट स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर पहुंचे और माल्यार्पण किया। स्थानीय विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा से जिला कलेक्टर तक पैदल मार्च निकला। नारेबाजी करते हुए



कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि भारत की संसद में इस प्रकार की घटना के जिस संसद में महामहिम राष्ट्रपति से लेकर संसद सदस्य तक उस संविधान की कसम खाते हैं जिस संविधान का निर्माण बाबा साहब ने किया, भारतीय जनता पार्टी सरकार के गृह मंत्री अमित शाह संघ संस्कृति की विचारधारा के पोषक, अमित शाह ने बाबा साहब अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक कृत्य किया है। वह कतई सहन करने योग्य नहीं है। इन लोगों की मानसिकता भारतीय संविधान के ताने बाने को नष्ट कर इस देश को संघ की विचारधारा से चलाने की है। हम उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष दुर्गेश बघेल, महानगर महिला अध्यक्ष सिम्मी बेगम, जिलाध्यक्षा महिला कांग्रेस शिखा चौधरी, एनएसयूआई अध्यक्ष हरीश पचौरी, प्रवीण ठाकुर, प्रवीण भास्कर, विनोद आर्य, अशोक शर्मा, सतीश शर्मा, लोकेश शर्मा, राजकुमार तिवारी, सतपाल चौधरी, प्रमोद कुमार शर्मा, साहब सिंह प्रधान, रामचरण प्रधान, राम भरोसी चौधरी, विजय सिंह, यदुवीर सिंह चौधरी, सुनील जैन, दिनेश कुमार, संजय चतुर्वेदी अल्पाइन, नीरज चतुर्वेदी, मलिक अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव की दो दिन बाद हुई शिनाख्त

## परिजनों ने लगाया प्रेम संबंधों के विवाद में हत्या का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः सीपरी** बाजार थाना क्षेत्र में गणेश चौराहे पर झांसी-कानपुर रेल मार्ग पर मिले युवक के रक्त रंजित शव की दो दिन बाद परिजनों ने शिनाख्त करने के साथ ही प्रेम संबंधों में हत्या कराने का आरोप मृतक की दो गर्लफ्रेंड पर लगाया है। इसमें एक की शादी तय हो चुकी थी, इसलिए उसके घरवालों ने युवक को बुला कर हत्या कर दी। फिर शव को रेलवे ट्रैक पर डाला गया। इसमें दूसरी गर्लफ्रेंड का बॉयफ्रेंड भी शामिल है जो लगातार धमकियां दे रहा था। फिलहाल, सीपरी पुलिस हत्या व आत्महत्या के एंगल से जांच कर रही है। दरअसल, दो दिन पूर्व झांसी कानपुर रेल मार्ग पर थाना सीपरी बाजार क्षेत्र में गणेश चौराहा के निकट लगभग 25 वर्षीय युवक रक्त रंजित हालत में पड़ा मिला था। उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, किंतु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बाद में मृतक की पहचान अजय वर्मा (25) पुत्र किशनचंद निवासी बंगलाघाट थाना कोतवाली झांसी के रूप में हुई है। मृतक के बहनोई ने बताया कि रविवार को एक युवक की लाश की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, उसमें मृतक जो कपड़े पहने था वह कपडा अजय के लग रहे थे। इस पर परिजन तलाश करते हुए ग्वालियर रोड पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस ने शव दिखाया तो वह अजय का था। पुलिस ने बताया कि 21 दिसंबर की देर रात अजय घायल अवस्था में गणेश चौराहा के पास झांसी कानपुर रेल पटरी पर मिला था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार अजय बड़ागांव गेट बाहर स्थित एक पटाखा की दुकान पर नौकरी करता था। 6 साल पहले उसके मोहल्ले की एक किशोरी से प्रेम संबंध हो गये थे। 3 साल बाद कानपुर की एक और युवती से अजय की दोस्ती होने से पहली प्रेमिका से ब्रेकअप हो गया था। इस कहानी में उस समय मोड़ आ गया जब दूसरी गर्लफ्रेंड का दतिया के युवक से चक्कर चलने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर अजय का उस युवक से झगड़ा हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हंगामा के नए थ्रिलर पिरामिड में देखिए क्रिप्टोकरंसी से जुड़े गहरे राज और अपराध की कहानी

**भारत** के सबसे बेहतरीन डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म में शुमार हंगामा अपनी ओरिजनल सीरीज पिरामिड के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो क्रिप्टोकरंसी की अंधेरी दुनिया और अपराध से आपको रूबरू कराएगी। इसे सिर्फ हंगामा ओटीटी पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में राज, सस्पेंस और रोमांच है। इस कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ हैं, और हर किरदार का बहुत कुछ दांव पर भी लगा है। यह कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधकर रखने की खूबी रखती है। इस सीरीज में हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है। सीरीज की कहानी शुरू होती है जबकि पिरामिड नाम के अपनी तरह के पहले क्रिप्टोकरंसी प्लेटफॉर्म को बनाने वाले विजनरी अर्जुन बनर्जी का मर्डर हो जाता है। उनकी हत्या से पूरा देश सदमे में डूब जाता है तो कई लोग ऐसे भी होते हैं जो जिनका अकाउंट ब्लॉक हो जाता है और उन्हें समझ नहीं आता है कि ऐसे में क्या किया जाए। पत्रकार वृंदा (इस किरदार को हेली शाह ने निभाया है) इस हत्या की तह में उतरती है और वह इसके पीछे धोखाधड़ी के जाल, छिपे हुए एजेंडे और धोखे पर से पर्दा उठाने की कोशिश करती है। सच का पता लगाने जब वह निकलती है तो वह एक खतरनाक रास्ते से गुजरती है जिस पर हर कदम पर खतरा है और जो कुछ भी जैसा नजर आता है असल में वैसा है नहीं। हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने इस सीरीज के बारे में कहा, ह्लहंगामा के ओरिजनल कॉन्टेंट की लिस्ट में पिरामिड एक अहम नाम है। यह एक ऐसी कहानी है जो इस समय के हिसाब से मौजूं है और इसे दिलचस्प तरीके से पेश किया गया है। इस समय जबकि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में क्रिप्टोकरंसी की चर्चा है तो ऐसे माहौल में यह सीरीज उसके अंधेरों से रूबरू कराती है और एक सस्पेंसभरी कहानी आपके सामने लाती है। हम इस फेस्टिव सीजन में पिरामिड को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते हुए रोमांचित हैं और हमें खुशी है कि हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानी लेकर आए हैं जो उन्हें रोमांचित करेगी और हमसे जोड़ेगी। पिरामिड के डाइरेक्टर नितेश सिंह ने इस सीरीज को बनाने से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ह्लपिरामिड को डाइरेक्ट करना एक बेहद शानदार यात्रा रही। यह सीरीज इंसान के लालच, धोखे, और वक्त के हिसाब से ढल जाने की आदत की बारीकी से पड़ताल करती है। इसे हमने तेजी से बदलते डिजिटल लैंडस्केप के बैकड्रॉप में बनाया है। इस कहानी में हर किरदार की कई परतें हैं और उससे कहानी में गहराई आती है, और दर्शक इस जटिल और रोचक कहानी को की तह तक जाने की कोशिश करते हैं। मैं उस पल के लिए उत्सुक हूं जबकि दर्शक इस शानदार कहानी को देखेंगे।

### फर्जी आधार कार्ड ने पहुंचाया जेल

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को फर्जी सिम कार्ड व फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को 10.30 बजे मुखविर की सूचना पर ग्राम महरौली से मडौरा जाने वाले कच्चे रास्ता तिराहे के पास से एक अभियुक्त मौहब्बत पुत्र सब्बा निवासी ग्राम मडौरा थाना गोवर्धन मथुरा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से पांच सिम कार्ड फर्जी, एक आधार कार्ड फर्जी बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए चालाना माननीय न्यायालय किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर राज्य राजस्थान मे जाकर ऐसी जगह पर कैनोपी लगाते हैं, जहां लेबर वाले लोग ज्यादा रहते हैं, वहां नई सिम पर आंफर की कहकर उनसे उनका अंगूठा लगवाकर उनके नाम से नई सिम एक्टीवेट करा लेते हैं। उन एक्टीवेट सिमों को हम लोग 1000 रुपये प्रति सिम के हिसाब से ग्राम साइबर क्राइम करने वाले लोगों को बेच देते हैं फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उन्हें असल के रुप में प्रयोग कर उनसे भी फर्जी सिम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं। फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से धोखे से फर्जी सिम प्राप्त कर हम राजस्थान व उत्तर प्रदेश के आस पास के जिले में बेच देते हैं। शेष वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### थाना वृन्दावन पुलिस ने दो वारंटी किये गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना वृंदावन पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मंगलवार को को मुखविर की सुचना पर रमेश चन्द्र पुत्र बाबू लाल निवासी प्रताप बाजार थाना वृन्दावन को उसके घर से व. राकेश पुत्र नन्नूमल निवासी गली निवासी नगला पीपल थाना कोतवाली जिला हाथरस हाल निवासी न्यू प्रोग्रेस स्कूल वाली गली गौरानगर वृन्दावन जिला मथुरा को उसके घर से गिरफ्तार किया।

## सपा की राजनीति चोरी और सीनाजोरी जैसी : केशव मौर्य

**बरेलीः उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति "चोरी और सीनाजोरी" जैसी है। बरेली दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मौर्य ने सपा सरकार के कार्यकाल में हुए दलितों पर अत्याचार और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कथित अपमानजनक रवैये की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मैनपुरी में दलित परिवार की बेटी के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सपा सरकार में ऐसी घटनाएं आम थीं, जिन्हें प्रदेश की जनता अब तक नहीं भूली है।

# बीएचयू में मनाया नेशनल डेंटिस्ट डे, दांतों की सफाई के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः नेशनल** डेंटिस्ट डे पर मंगलवार को लोगों को मुख व दांत के रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इंडियन डेन्टल एसोसिएशन और दंत चिकित्सा संकाय बीएचयू के तत्वावधान में संकाय के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में दिवस की थीम सभी को मुख को स्वस्थ रखने की जानकारी दी गई। इस दौरान यूपी स्टेट इंडियन डेन्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो.टी. पी. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रो. आर. अहमद के जन्मदिन पर यानि 24 दिसंबर को हर साल इंडियन डेन्टल एसोसिएशन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (नेशनल डेंटिस्ट डे) का आयोजन करता



है। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न बदलाव को भी प्रो.चतुर्वेदी ने बताया। उन्होंने बताया कि हमारे देश में पहला डेंटल कॉलेज 1920 में कोलकाता में आर अहमद डेंटल कॉलेज की स्थापना हुई थी। वर्तमान में पूरे देश में 323 डेंटल कॉलेज है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश में दांत एवं मुख के रोगी दिनोदिन बढ़ने का मुख्य कारण हम लोगों का खानपान और दांतों की सफाई न होना माना जाता है। जंक फूड, ज्यादा मीठा, दांतों पर चिपकने वाला खाना नहीं चाहिए। बाजार में आसानी से उपलब्ध फास्ट फूड, दांतों पर चपकने वाले एवं मीठे व्यंजन आसानी से दांतों पर एक सतह बना लेते है। जिसको अगर 12 घंटे या इससे कम समय पर साफ न किया जाए तो ये दांतों में सड़न करते हैं। इसीलिए 24 घंटे में दो बार ब्रश करने के लिए कहा जाता हैं। मुख में नमक के गुनगुने पानी में कुल्ला करना चाहिए। टूथपेस्ट फ्लोराइड युक्त करना चाहिए। बहुत ज्यादा ठंडा या गरम पानी नहीं पीना चाहिए। मुंह की सफाई न होने से मसूड़ों से खून आना, मुंह से बदबू आना, मवाद आना, संसनाहट, एवं दर्द होना एक आम बात है। ये सब लक्षण पायरिया के होते हैं। जो कि 70 से 80 प्रतिशत लोगों में होता हैं। अगर ये समय से ठीक नहीं करवाए जाते हैं तो धीरे धीरे दांत कमजोर होकर गिर जाते हैं । जिससे आदमी खाना भी ठीक से खा नहीं पाता है और पेट के रोग एवं अन्य स्वास्थ्य से सम्बन्धित बीमारी हो सकती हैं।

इस बीमारी से खून, हृदय, शुगर, गुर्दे एवं सांस संबधित बीमारी होने का खतरा भी होता हैं। इसके बचाव के लिए मुंह की सफाई व कभी-कभी दांत के मसूड़े की मालिश हल्दी को ग्लिसरीन में मिलाकर करनी चाहिए। दांतों के सड़ने को डेन्टल कैरीज कहते हैं।

# क्रिसमस पर बढी केक की बिक्री, खाद्य विभाग ने भरे नमूना

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** क्रिसमस पर्व पर केक की बिक्री बढ गई है। दुकानों पर तरह तरह के केक सजे हुए हैं। कुछ लोग ऑडर देकर केक तैयार करा रहे हैं। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग भी सतर्क हो गया है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भी कई लोग केक काट कर नए साल के आगमन की खुशियां मनाते हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में क्रिसमस पर्व के अवसर पर बेकरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ केक, पेस्ट्री एवं बेकरी उत्पाद के निर्माण



में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ मैदा, क्रीम आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभिसूचना आधारित प्रवर्तन कार्यवाही में विशेष अभियान चलाकर कुल चार नमूने संग्रहित किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा राधे श्याम कॉलोनी मथुरा से एक चॉकलेट केक व चौक बाजार मथुरा से एक केक का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गोपाल बाग कोसीकलां से केक और मैदा का एक एक नमूना संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा हैं। समस्त खाद्य नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

## गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल दो माह की सजा

**मुरादाबादः अपर** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत ने दो साल पुराने मामले में मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को दोषी पाते हुए दो साल दो माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सदर कोतवाली में 24 सितंबर 2022 को तत्कालीन प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने मैनाठर के नूरपुर निवासी बब्बन पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया था। जिसमें आरोप है कि बब्बन अपना गैंग बनाकर अवैध रूप से भौतिक व आर्थिक धन लाभ प्राप्त करता है। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत में की गई।

# गोकशी के दो आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः कटघर** थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान गोकशी के दो आरोपितों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोलियां लगी हैं। मौके से तीन आरोपित फरार हो गए। आरोपितों के पास से दो तमंचा मय कारतूस और पिकअप वाहन बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि थाना कटघर प्रभारी संजय कुमार को सूचना मिली कि गोकशी करने वाले कुछ लोग इलाके में पिकअप वाहन लेकर घूम रहे हैं। इस पर थाना कटघर पुलिस और एसओजी प्रभारी अमित कुमार ने मछरिया स्थित सिरसा इनायतपुर उर्फ दौड़बाग की पुलिया के नजदीक चेकिंग शुरू कर दी। पिकअप में सवार कुछ लोग वहां आते हुए दिखाई दिए तो पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। आरोपित पुलिस से बचने के लिए भागने लगे तो पुलिस ने उनका पीछा किया। पिकअप सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गयी। पुलिस ने वाहन को चारों तरफ से घेर लिया तो चालक और बगल में बैठे युवक ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी क्राइम ने बताया कि घायलों की पहचान रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के गांव तोड़ीपुरा निवासी आलम और दूसरे की पहचान बिलारी थाना क्षेत्र के गांव थावला निवासी जिशान के रूप में हुई है।

# आर्मी कैन्टीन से 1.83 करोड की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। थाना** सदर बाजार पुलिस ने सरकारी आर्मी कैन्टीन के 1,83,44,589 रुपये की धोखाधडी कर हडपने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 1,66,62,100 रुपये बरामद किये गये हैं। 17 लाख रुपए आरोपित एवं उसकी पत्नी के खातो में फ्रीज कराये हैं। पुलिस ने आर्मी अधिकारियों के सहयोग से थाना



सदर बाजार पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र करतार सिंह निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर थाना सिटी रोहतक, जिला रोहतक, हरियाणा को मंगलवार को औरंगाबाद कच्चा रास्ता वाटरवक्स की तरफ मोड पर मण्डी लगने वाले स्थान के करीब से गिरफ्तार कर लिया। पंकज यादव पुत्र रामफल निवासी गांव खेडा थाना महेन्द्रगढ जिला महेन्द्रगढ हरियाणा, यूनिट 7001 मथुरा कैंट जिला मथुरा द्वारा अभियुक्त नायक दीपक कुमार एवं दीपक की पत्नी के द्वारा सरकारी आर्मी कैन्टीन के 1,83,44,589 रुपयो का धोखाधडी कर अपने व अपने पत्नी के खाते में ट्रान्सफर करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




# नेहरू को मुसलमानों की चिंता थी: सीएम योगी

## प्रयागराज के लिए आतिथ्य सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करने का अवसर है महाकुम्भ: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफी मांगनी पड़ी थी।



**कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया**

**साधा निशाना**

**▶▶ वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमान की चिंता है।

वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को लोकसभा की किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था।

# अटल जी के प्रति अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं 'युवा कुम्भ' जैसे आयोजन: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'युवा कुम्भ' जैसे आयोजन श्रद्धेय अटल जी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। युवा कुम्भ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है, जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुम्भ के आयोजन के साथ जुड़ती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद



राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 'अटल युवा महाकुम्भ' का शुभारंभ किया। ' भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर 'कदम से कदम मिलाकर चलना होगा' थीम पर यह आयोजन हुआ। सीएम व रक्षा मंत्री ने बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट बांटी। निबंध व भाषण प्रतियोगिता के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।



भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर लखनऊ में 'अटल गीत गंगा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) अशोक शर्मा ने की। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत रहने और किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर उपभोक्ता फोरम का सहयोग लेने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डीएफएससी अशोक शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को खरीदारी करते समय सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि कोई भी वस्तु या सेवा लेते समय संबंधित फर्म या दुकान से बिल अवश्य लें। उपभोक्ता खरीदारी में गुणवत्ता और विश्वसनीयता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पेट्रोल और डीजल भरवाते समय सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ईंधन की मात्रा की जांच मीटर पर करें और नोजल की भी भली-भांति जांच करें। उन्होंने सलाह दी कि हर वस्तु खरीदते समय उसके वजन, रेट और एक्सपायरी तिथि की जांच अवश्य करें।




# मनु को खेल रत्न अवार्ड के लिए नामित न किए जाने से परिजन नाराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जिले की बेटी ओलंपियन शूटर मनु भाकर का नाम केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले खेल रत्न अवार्ड के लिए नामित नहीं किए जाने पर मनु के परिजनों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी सरकार पर मनु व अन्य खिलाड़ियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। शूटिंग की विश्व स्तरीय खिलाड़ी मनु भाकर के पिता रामकिशन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस बार उनकी बेटी मनु भाकर का नाम सरकार के खेल रत्न अवार्ड के लिए नामित नहीं किया गया है।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक परिवर्तनकारी पहल है: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने माननीय प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांशी योजना- आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को बढ़ावा देने के लिए आज राजभवन में अपना व अपने परिवार का आभा कार्ड बनवाया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य एक सहज डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाना है। राज्यपाल ने आभा आईडी के बारे में बताते हुए कहा कि इसके द्वारा मरीजों की सारी स्वास्थ्य जानकारी एक विशेष डेटाबेस में उपलब्ध होगी। जिससे देश के किसी भी कोने में आपातकाल स्थिति में भी मरीज को सटीक व उचित इलाज मिल सकेगा। यह योजना कड़े डेटा सुरक्षा उपायों के साथ निर्मित की गई हैं, जिसमें मरीज का डेटा केवल स्पष्ट सहमति से ही साझा किया जाता है। हरियाणा में आभा आईडी के प्रति जागरूकता पैदा करने और आभा आईडी के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है।

**योजना**

**▶▶ सुविधाजनक बनाने के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है**

### हितधारकों को अब अस्पतालों में दिखाने के लिए समय लेने जैसी तमाम ऑनलाइन सुविधाएं अधिक सुरक्षित और सुगम तरीके से मिल सकेंगी

# ईएसआईसी की आईटी प्रणाली में हुआ सुधार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और समग्र वितरण तंत्र में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी सूचना और आईटी प्रणालियों का आधुनिकीकरण किया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के हितधारकों को अब अस्पतालों में दिखाने के लिए समय लेने जैसी तमाम ऑनलाइन सुविधाएं अधिक सुरक्षित और सुगम तरीके से मिल सकेंगी। इसकी वजह यह है कि ईएसआईसी ने अपने ग्राहक कर्मचारियों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को उन्नत किया है। आईटी प्रणाली को उन्नत बनाने का काम 22 दिसंबर को पूरा हो गया। मंत्रालय ने कहा कि धन्वंतरि अस्पताल सूचना प्रणाली (एचआईएस) का अब ईएसआईसी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में अधिक व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। इसमें 40 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगियों की देखभाल और अस्पताल संचालन को बेहतर ढंग से चलाने में मदद मिल रही है। चालू वित्त वर्ष की शुरूआत से कुल लेन-देन की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह सितंबर, 2024 में समवर्ती उपयोगकताओं की संख्या 10 गुना बढ़ाने के बाद रिपोर्ट की गई घटनाओं की संख्या घटकर एक तिहाई रह गई है। वहीं 1.5 करोड़ लेन-देन के लिए ऐसी घटनाओं की कुल संख्या केवल 93 है।

ईएसआईसी मोबाइल ऐप को उपयोगकर्ताओं के और अधिक अनुकूल और उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए बेहतर बनाया गया है।

वहीं ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसमें वर्ष 2022 से 2023 तक 200 फीसदी की और 2023 से 2024 तक 177 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।




**आधुनिकीकरण**

**▶▶ महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी सूचना और आईटी प्रणालियों का आधुनिकीकरण किया**

